▪ चैत्र शुक्ल - 12 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 261 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » शनिवार » 20-04-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित







5 आस्था, सुरक्षा और विकास से वंचित रखने वालों को एक-एक वोट के लिए तरसाना

6 आग बरसाता सूरज और आग उगल रहे नेता!

7 'हीरामंडी' प्रोमो में वहीदा के रूप में संजीदा शेख ने अपनी सुंदरता से किया मंत्रमुग्ध


## फर्स्ट टेक

### भारत ने फिलीपीन को ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप की आपूर्ति की

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने शुक्रवार को फिलीपीन को ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की पहली खेप की आपूर्ति की। दक्षिण चीन सागर में चीन द्वारा दिखाई जा रही सैन्य आक्रामकता के मद्देनजर यह आपूर्ति दोनों देशों के बीच बढ़ते सैन्य संबंधों को दर्शाते हैं। दक्षिण पूर्व एशियाई देश फिलीपीन के साथ इस हथियार प्रणाली की आपूर्ति के लिए 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का करार होने के दो साल के बाद आपूर्ति की गई है।

## मिशन मंडेला

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### सर्वधर्म समभाव

अगर सभी पढ़ कर समझें,
रामायण बाइबिल और कुरान।
गुरुवाणी का भी करें पाठ,
महावीर बुद्ध पर धरें ध्यान।
समझें यदि सबका सार तत्व,
वैदिक वैज्ञानिक सोच जान।
समभाव और समरसता से,
जानें भारत है क्यों महान।।



दुनिया पर युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं; ऐसे में

# देश की रक्षा के लिए मजबूत सरकार की जरूरत : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दमोह (मप्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया पर युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं और इन परिस्थितियों में देश के हितों की रक्षा करने एवं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली पूर्ण बहुमत की मजबूत सरकार की जरूरत है।

पाकिस्तान का नाम लिए बिना उस पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि जो देश आतंक की आपूर्ति करता था वह इन दिनों आटे के लिए संघर्ष कर रहा है।

मध्य प्रदेश के दमोह में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा, आप सब देख रहे हैं कि दुनिया पर युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं। जब दुनिया में युद्ध का माहौल है...घटनाएं हो रही हैं। इस समय भारत को एक मजबूत सरकार की सख्त जरूरत है जो युद्ध स्तर पर काम करे।

उनकी यह टिप्पणी गाजा पट्टी में चल रहे संघर्ष, ईरान के इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन हमले एवं पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में आई है।

उन्होंने कहा, भारत को एक ऐसी सरकार की जरूरत है जो किसी भी स्थिति में इसकी रक्षा करने में सक्षम हो। और यह काम तभी हो सकता है जब पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार हो। उन्होंने कहा, कोरोना वायरस महामारी के प्रकोप के दौरान एक स्थिर और मजबूत सरकार कैसे काम करती है, यह स्पष्ट रूप से स्पष्ट हो गया।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि महामारी के दौरान करोड़ों लोगों को मुफ्त में कोविड-19 का टीका लगाया गया और गरीबों को मुफ्त राशन दिया गया।

भाजपा के स्टार प्रचारक मोदी ने कहा, आज देश में एक ऐसी सरकार है जो न तो दबाव में आती है और न ही किसी के सामने झुकती है। उन्होंने कहा, हमारा सिद्धांत राष्ट्र प्रथम है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत को सस्ता तेल मिले, हमने देश हित में फैसला लिया।

# लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान

■ प्रथम चरण में 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** भारत की अट्ठारहवीं लोक सभा के चुनावों के पहले चरण में शुक्रवार को 102 सीटों के लिये हुये मतदान में 60 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 102 सीटों पर चुनाव मैदान में उतरे कुल 1625 उम्मीदवारों का चुनावी भविष्य इलेक्ट्रानिक मतदान मशीनों के मेमोरी कार्ड में लॉक हो गया है। इनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी, किरण रिजिजू, सर्बानंद सोनोवाल, अर्जुन राम मेघवाल और भूपेन्द्र यादव सहित आठ केन्द्रीय मंत्री भी शामिल हैं।

निर्वाचन आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार मतदान कुल मिलाकर सहज और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पश्चिम बंगाल और मणिपुर में छिटपुट हिंसा की घटनाओं को छोड़कर देश भर में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। लोकसभा के पहले चरण के साथ -साथ अरुणाचल प्रदेश विधानसभा की सभी 60 और सिक्किम विधानसभा की सभी 32 सीटों के चुनाव भी संपन्न हो गये हैं।

आयोग की ओर से शाम सात बजे जारी विज्ञप्ति के अनुसार लोक सभा चुनाव के पहले चरण में कुल 102 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल पंजीकृत 16.63 करोड़ मतदाताओं में से शुक्रवार को 60.03 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। दूरदराज के इलाकों के निर्वाचन केन्द्रों का मतदान आंकड़ा बढ़ सकता है। आयोग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बहुत से मतदान केन्द्रों पर मतदान का समाप्त होने का समय समाप्त होने पर भी मतदाता कतारों में खड़े थे। पहले चरण के चुनाव में 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले गये।

निर्वाचन आयोग से शाम सात बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में त्रिपुरा में वोट डालने वाले मतदाताओं का अनुपात सर्वाधिक 79.90 प्रतिशत रहा, जबकि बिहार में सबसे कम 47.49 प्रतिशत मतदाता ही वोट डालने निकले। आयोग द्वारा जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा की एक सीट पर 79.90 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में तीन सीटों पर 77.57 प्रतिशत, मणिपुर में दो सीटों पर 68.62 प्रतिशत, मेघालय में दो सीटों पर 70.20 प्रतिशत और असम में पांच सीटों पर 71.38 प्रतिशत वोट पड़े थे। पुड्डुचेरी में एक सीट पर 73.25 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ की एक सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। इसी तरह जम्मू-कश्मीर में एक सीट पर 65.08 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में पांच सीट पर 63.33 प्रतिशत, अरुणाचल प्रदेश में दो सीट पर 65.46 प्रतिशत, सिक्किम में एक सीट पर 68.06 प्रतिशत, नागालैंड में एक सीट पर 56.77 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।


उन्नीसवीं पुण्यतिथि

27 जनवरी 1939-20 अप्रैल 2005

स्व. श्री सुमेरमलजी छाजेड़

(S. M. Jain)

(गढ़ सिवाना-राजस्थान)



आपकी यादों के चिराग हमारे दिलों में
हमेशा जलते रहेंगे, प्रण यही है हमारा
आपके प्रदर्शित पथ पर हमेशा चलते रहेंगे।
हे आदरणीय अर्पित है,
विनम्र हृदय से भावांजलि।
स्वीकार करें हे पुण्य आत्मा,
हम सबकी यह श्रद्धांजलि।।

: श्रद्धावनत :

पुत्र एवं पुत्रवधु : राजेन्द्र जैन-अनिता, पौत्र : यश जैन, पौत्री-पौत्री जंवाई : श्रेया-प्रभुजी,

भाई : अशोककुमार, रमेशकुमार, भतीजः जितेन्द्रकुमार, विपिनकुमार, साईंनाथ, महेश एवं समस्त छाजेड़ परिवार



पुत्री-दामाद : किरणदेवी-मिलापचन्दजी बंदामुथा, ललितादेवी-अशोककुमारजी कोठारी

दोहिते : रीतेश जैन, निखिल जैन, अक्षयकुमार, दोहित्री : नेहा

ARKAY Group of Companies, BANGALORE - BELLARY

( MINING / DRYPORTS / FINANCE / STEEL / HOSPITALITY / REAL ESTATE )

## 2021 पंजाब मोटरसाइकिल विस्फोट मामला : एनआईए ने आरोपी की अचल संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पंजाब में 2021 में हुए विस्फोट में शामिल होने और पाकिस्तान में मौजूद खालिस्तानी आतंकवादियों से संबंध रखने के आरोपी एक व्यक्ति की संपत्ति जब्त कर ली है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है।

मामला जलालाबाद में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के पास बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल में विस्फोट से संबंधित है, जिसमें हमलावर मारा गया था। बयान में कहा गया है कि एनआईए ने स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के तहत पंजाब के सदर फाजिल्का थानांतर्गत महातम नगर गांव के निवासी सूरत सिंह उर्फ 'सुरती' की संपत्ति जब्त कर ली है।

# कांग्रेस और वाम दल वैचारिक रूप से दिवालिया हो गए हैं : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



सुल्तान बाथेरी में आयोजित रोड शो से इतर नड्डा ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में वायनाड लोकसभा सीट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और एलडीएफ उम्मीदवार एनी राजा (भाकपा) के बीच चुनावी मुकाबले का जिक्र किया। नड्डा ने कहा, राहुल गांधी, कांग्रेस, माकपा और भाकपा के दोहरे मानदंड और पाखंड यहां दिखाई देते हैं। भाकपा महासचिव डी राजा की पत्नी (एनी राजा)

**वायनाड (केरल)/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में शामिल कांग्रेस, वाम दल और अन्य सहयोगी 'वैचारिक रूप से दिवालिया' हो गए हैं। उन्होंने कहा कि ये विपक्षी दल दिल्ली के बाहर एक दूसरे से चुनावी लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा का विरोध करने के लिए सौहार्दपूर्ण रिश्ता रखते हैं।

भाजपा नीत राजग के उम्मीदवार के. सुरेंद्रन के समर्थन में एनडीएफ उम्मीदवार के रूप में राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं।

उन्होंने कहा, हालांकि, दिल्ली में डी राजा सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बीच बैठते हैं। वे वैचारिक रूप से दिवालिया हैं और उसका परिणाम यहां दिखाई दे रहा है। ईवीएम में कोई खामी नहीं हुई तो भाजपा को 180 से अधिक सीट नहीं मिलेंगी, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा के इस दावे के बारे में पूछे जाने पर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को तब ईवीएम से कोई दिक्कत नहीं होती जब उनकी पार्टी कर्नाटक में या अन्य जगह चुनाव जीत जाती है।

प्रियंका और उनके भाई राहुल को 'राजनीतिक पर्यटक' करार देते हुए नड्डा ने कहा, वे चुनाव में आते हैं और गायब हो जाते हैं। आप उनके बयान गंभीरता से कैसे ले सकते हैं?''

भाजपा अध्यक्ष ने कहा, जब वे कर्नाटक में जीत जाते हैं तो उन्हें ईवीएम से कोई शिकायत नहीं है। जब वे पांच साल तक राजस्थान में शासन करते हैं तो उन्हें ईवीएम से कोई समस्या नहीं थी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में दक्षिणी राज्यों में भाजपा की उपस्थिति जोरदार रहेगी। उन्होंने कहा, दक्षिण में मैंने बहुत उत्साह देखा। वायनाड में सुरेंद्रन के लिए रोड शो में भाग लेने वाले लोग उत्साहित थे। बड़ी संख्या में लोग आए।



## अमित शाह ने गांधीनगर लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गांधीनगर/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गांधीनगर लोकसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और कहा कि आम चुनाव का मतलब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार सत्ता की कमान सौंपना है ताकि वह 2047 तक भारत को एक विकसित देश बना सकें।

शाह गांधीनगर सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार हैं। शाह ने जब यहां गांधीनगर के जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपा, उस समय गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी उनके साथ थे। उन्होंने अपराह्न ठीक 12 बजकर 39 मिनट पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस समय को 'विजय मुहूर्त' माना जाता है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि इस आम चुनाव का मतलब प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार सत्ता में लाना है ताकि वह 2047 तक भारत को एक विकसित देश बना सकें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी का तीसरा कार्यकाल अहम होगा क्योंकि उनके पहले के दो कार्यकाल का ज्यादातर समय कांग्रेस के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार द्वारा की गई गलतियों को सुधारने में चला गया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, ये चुनाव नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार हमारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए हैं। मोदी ने भारत को 2047 तक विकसित और सभी क्षेत्रों में शीर्ष देश बनाने का संकल्प लिया है। अगर हम इसे हासिल करना चाहते हैं तो अगले पांच साल महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पिछले 10 साल पिछली संप्रग सरकार द्वारा किए गए गड्ढे भरने में चले गए।

## भारत, बुल्गारिया के ऑडिट संस्थानों के बीच सहयोग समझौता

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने बुल्गारिया के राष्ट्रीय लेखा परीक्षा कार्यालय 'एसएआई बुल्गारिया' के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कैग ने यहां जारी एक बयान में कहा कि दोनों देशों के शीर्ष ऑडिट संस्थानों ने इस आशय के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच ऑडिटिंग के क्षेत्र में सहयोग और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान बढ़ाना है। एमओयू के जरिये प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहयोग और ऑडिट कार्यों में परस्पर सहयोग से ऑडिटिंग पेशेवरों और तकनीकी टीमों के बीच ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान के लिए एक मंच स्थापित किया जाएगा।

## तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और पत्नी की संपत्ति पांच साल में 41 प्रतिशत बढ़कर 810 करोड़ रुपये हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अमरावती/भाषा।** निर्वाचन आयोग में शुक्रवार को दाखिल एक हलफनामे के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उनके परिवार की संपत्तियां बीते पांच साल में 41 प्रतिशत बढ़कर 810.42 रुपये की हो गई हैं। नायडू की पत्नी एन. भुवनेश्वरी ने 13 मई को होने वाले आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को कुप्पम में अपने पति की ओर से नामांकन पत्र दाखिल किया।

संपत्ति में सबसे बड़ी हिस्सेदारी भुवनेश्वरी की है, जिनके पास (बाजार मूल्य के अनुसार) 337.85 रुपये के हेरिटेज फूड्स लिमिटेड के 2.26 करोड़ शेयर हैं। उनके पास मौजूद कुल शेयरों का मूल्य लगभग 764 करोड़ रुपये है, जबकि 2019 में यह 545.76 करोड़ रुपये था। पिछले विधानसभा चुनाव में वर्ष 2019 में तेदेपा प्रमुख द्वारा दाखिल किए गए हलफनामे के अनुसार नायडू परिवार की चल और अचल संपत्ति का मूल्य 574.3 करोड़ रुपये था। भुवनेश्वरी के पास 3.4 किलोग्राम सोना और करीब 41.5 किलोग्राम चांदी भी है।

तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के नेता नायडू के पास व्यक्तिगत रूप से 4.80 लाख रुपये की चल संपत्ति और 36.31 लाख रुपये की अचल संपत्ति है, और परिवार पर कुल 10 करोड़ रुपये से अधिक की देनदारियां हैं। पूर्व मुख्यमंत्री के पास 2.25 लाख रुपये कीमत की एक एम्बेसडर कार भी है। हलफनामे में कहा गया है कि नायडू 24 प्राथमिकियों में नामजद हैं।

### विजयन का राहुल पर पलटवार :
## हम जेल जाने से नहीं डरते



**कोझिकोड (केरल)/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर शुक्रवार को पलटवार करते हुए कहा कि ऐसा क्यों है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों ने उनसे पूछताछ या गिरफ्तारी नहीं की। इससे एक दिन पहले, राहुल गांधी ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के वरिष्ठ नेता विजयन पर निशाना साधा था और कहा था कि जब वह भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं तो केरल के मुख्यमंत्री उन पर हमले क्यों कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा था कि ईडी ने उनसे 55 घंटे तक पूछताछ की, उनकी लोकसभा सदस्यता और उनका आधिकारिक आवास छीन लिया गया और वर्तमान में विपक्ष से जुड़े दो मुख्यमंत्री जेल में हैं, लेकिन केरल के मुख्यमंत्री के साथ ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। विजयन ने कोझिकोड की एक चुनावी जनसभा में उन पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल की दादी इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान उन सहित अधिकतर वामपंथी नेताओं को जेल में डाल दिया था। वामपंथी नेता ने कहा, आपकी दादी (इंदिरा गांधी) ने हममें से अधिकर लोगों को (आपातकाल के समय) डेढ़ साल से अधिक समय तक जेल में रखा था। हमने पूछताछ और जेल जाने का अनुभव किया है और देखा है। हम जेल से नहीं डरते हैं। इसलिए हमें जांच और जेल से धमकाने की कोशिश मत करो।

## राम मंदिर मुद्दा खत्म, अब कोई इसकी चर्चा नहीं कर रहा : पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुणे/भाषा।** राकांपा (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि अयोध्या के राम मंदिर का मुद्दा अब समाप्त हो गया है और अब कोई भी इस मुद्दे पर चर्चा नहीं कर रहा है। पवार बृहस्पतिवार को पुणे जिले के पुरंदर में कुछ संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार से जब सवाल किया गया कि क्या मौजूदा चुनावों में राम मंदिर की कोई महत्वपूर्ण भूमिका होगी तो उन्होंने कहा, अयोध्या के राम मंदिर का मुद्दा अब समाप्त हो गया है और अब कोई भी इस बारे में चर्चा नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा, एक बैठक के दौरान, कुछ महिलाओं ने शिकायत की कि हालांकि भगवान राम की मूर्ति स्थापित की गई है, लेकिन देवी सीता की मूर्ति वहां नहीं है। भारतीय जनता पार्टी ने पवार की टिप्पणी की आलोचना की। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री पवार को टिप्पणी करने से पहले अयोध्या के राम मंदिर के बारे में जानकारी एकत्र करनी चाहिए थी।

बावनकुले ने एक बयान में कहा, भगवान राम वहां अपने बाल रूप में हैं, लेकिन पवार साहब की रुचि इस पर सिर्फ राजनीति करने में है। उन्होंने कहा, पवार अपनी ही पुत्र-वधू को बाहरी बताते हैं और सीतामाई के बारे में उन्हें चिंता करना पाखंड की पराकाष्ठा के अलावा और कुछ नहीं है। वह महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के संबंध में शरद पवार की हालिया टिप्पणी का जिक्र कर रहे थे। सुनेत्रा बारामती लोकसभा क्षेत्र में सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं।

## सोना 400 रुपए मजबूत होकर 74 हजार रुपए के पार, चांदी नए शिखर पर

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतें नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख के कारण सोना 74,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के ऊपर चला गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि दिल्ली में सोना 400 रुपए की तेजी के साथ 74,100 रुपए के ताजा सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी की कीमत 100 रुपए बढ़कर 86,600 रुपए प्रति किलोग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजारों में मजबूती के संकेतों के बीच दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 74,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। यह पिछले बंद भाव से 400 रुपए अधिक है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,390 डॉलर प्रति औंस पर रहा, जो पिछले बंद भाव से 15 डॉलर ऊंचा है। सीरिया में अपने वाणिज्य दूतावास पर छापे के जवाब में ईरान द्वारा इजराइल पर हमला करने के कुछ दिनों बाद ईरान पर इजराइल के हमले की रिपोर्ट के बाद शुक्रवार को एशियाई कारोबारी घंटों में वैश्विक बाजार में सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। इससे एक बड़े क्षेत्रीय संघर्ष की संभावना बढ़ गई है जो सोने की ऊंची कीमतों का समर्थन करेगा।

## जीएसटी प्राधिकरण ने सिप्ला पर 1.83 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली/भाषा।** दवा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उत्पाद शुल्क से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर अमान्य क्रेडिट (ट्रांजिशनल) का दावा करने के लिए जीएसटी प्राधिकरण ने उस पर 1.83 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। सिप्ला ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि कंपनी को सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई, महाराष्ट्र के प्रधान आयुक्त से 1,83,17,388 रुपए का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है। यह आदेश केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 और महाराष्ट्र माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के तहत जारी किया गया।

यह आदेश जारी करते हुए जीएसटी प्राधिकरण ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-18 में उत्पाद शुल्क व्यवस्था से जीएसटी व्यवस्था में जाने के दौरान शिक्षा उपकर पर संक्रमणकालीन यानी 'ट्रांजिशनल' क्रेडिट का दावा किया है, जो मान्य नहीं था। प्राधिकरण ने जुर्माने के साथ इसकी वसूली का आदेश दिया। सिप्ला ने कहा तथ्यों के आकलन और प्रचलित कानून के आधार पर वह इस संबंध में अपीलीय प्राधिकार के पास अपील दायर करेगी। उक्त आदेश के कारण उसकी वित्तीय स्थिति या परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## मजबूत आर्थिक वृद्धि से आरबीआई को मूल्य स्थिरता पर ध्यान देने की गुंजाइश मिली : गवर्नर दास

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को 2024-25 के लिए मजबूत वृद्धि माहौल और जीडीपी अनुमान के चलते मूल्य स्थिरता पर ध्यान देने की गुंजाइश मिली है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकान्त दास ने इस महीने की शुरुआत में मौद्रिक नीति समिति की बैठक में नीतिगत दर में यथास्थिति बनाए रखने के लिए मतदान करते हुए यह बात कही। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद रिजर्व बैंक ने नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया।

मुद्रास्फीति पर चिंताओं के बीच रेपो दर फरवरी 2023 से इसी स्तर पर बनी हुई है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को एमपीसी बैठक का विवरण जारी किया। दास ने कहा, मुद्रास्फीति को कम करने के लिए पिछले दो वर्षों में जो लाभ हुआ है, उसे बरकरार रखना होगा। टिकाऊ आधार पर सकल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य तक लाने के लिए काम करना होगा। एमपीसी के छह सदस्यों में पांच ने नीतिगत दर में यथास्थिति के पक्ष में मतदान किया था। एमपीसी सदस्य जयंत आर वर्मा ने हालांकि रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की वकालत की थी। उनकी दलील थी कि अधिक ब्याज दर से वृद्धि प्रभावित होती है।




## किशन रेड्डी, औवेसी ने लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के प्रमुख जी किशन रेड्डी और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी समेत अन्य ने 13 मई के लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया।

रेड्डी द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर के पास सिकंदराबाद निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपना नामांकन दाखिल करने से पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने एक रैली को संबोधित किया। ओवैसी ने यहां मक्का मस्जिद में शुक्रवार की नमाज अदा की और विशाल जुलूस का नेतृत्व करते हुए हैदराबाद सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे। इस सीट पर ओवैसी का मुकाबला भाजपा नेता माधवी लता से होगा।

कांग्रेस उम्मीदवार वामशी चंद रेड्डी ने महबूबनगर क्षेत्र के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने एक रैली को संबोधित किया। वामशी चंद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि रेवंत रेड्डी उस समय मौजूद थे जब उनका नामांकन पत्र अधिकारियों को सौंपा गया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किशन रेड्डी ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस को चुनावी वादों को पूरा किए बिना वोट मांगने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है, जबकि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की राज्य में कोई प्रासंगिकता नहीं है। रेड्डी ने कहा, हो सकता है बीआरएस तेलंगाना में एक सीट जीत जाए, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं है। उसे एक भी सीट न मिले, तो भी तेलंगाना को कोई नुकसान नहीं होगा। तेलंगाना में बीआरएस युग समाप्त हो गया है। राज्य में भाजपा को कांग्रेस का एकमात्र विकल्प बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पार्टी यह सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस सरकार के खिलाफ अपनी लड़ाई तेज करेगी कि वह सभी चुनावी वादों को पूरा करे।

## एयर इंडिया ने तेल अवीव के लिए 30 अप्रैल तक उड़ानें निलंबित कीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** विमानन कंपनी एयर इंडिया ने पश्चिम एशिया में तनाव के बीच इजराइल के तेल अवीव के लिए आने-जाने वाली उड़ानें 30 अप्रैल तक निलंबित कर दी हैं। एयरलाइन नई दिल्ली और तेल अवीव के बीच चार साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है।

एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति को देखते हुए तेल अवीव से एयर इंडिया की उड़ानें 30 अप्रैल 2024 तक निलंबित रहेंगी। हम स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। एयरलाइन ऐसे यात्रियों के लिए पुनर्निर्धारण और रद्दीकरण शुल्क पर एकमुश्त छूट की पेशकश कर रही है, जिन्होंने इस अवधि के दौरान तेल अवीव की यात्रा के लिए बुकिंग की है। एयर इंडिया ने रविवार को तेल अवीव के लिए अपनी उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित करने का फैसला लिया था। इजराइल पर ईरान के हमले और जवाबी कार्यवाही के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है।

टाटा समूह के स्वामित्व वाली कंपनी ने लगभग पांच महीनों के बाद तीन मार्च को तेल अवीव के लिए उड़ान सेवाएं बहाल की थीं।

# मध्य प्रदेश में भर्ती घोटाले में किसे बचाया जा रहा है: कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मध्य प्रदेश में हुई जनसभा से पहले शुक्रवार को पेपर लीक एवं कथित भर्ती घोटाले को लेकर राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि ''भर्ती घोटाले'' में किसे बचाया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, आज प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश जा रहे है। ये राज्य को लेकर उनसे हमारे सवाल हैं। पेपर लीक और भर्ती घोटाले में प्रधानमंत्री किसे बचा रहे हैं? वन अधिकार कानून को ठीक ढंग से लागू न करके भाजपा आदिवासियों की आजीविका और उनके अधिकारों के साथ खिलवाड़ क्यों कर रही है? मध्यप्रदेश में दलितों के ख़िलाफ़ अपराध दर सबसे अधिक है। यह क्यों लगातार बढ़ता जा रहा है?'' उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने भले ही कर्मचारी चयन बोर्ड का नाम बदल दिया हो, लेकिन दस साल पहले प्रदेश को हिलाकर रख देने वाले मध्य प्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) घोटाले को कोई नहीं भूला है।

रमेश का कहना है, व्यापमं के बाद भी नर्सिंग स्टाफ, स्कूली शिक्षक, कांस्टेबल और कृषि विकास अधिकारियों की भर्तियों में धांधली के आरोप लगे हैं, लेकिन भाजपा सरकार ने जो कुछ भी किया है वह सिर्फ़ इन्हें नजरंदाज करने के लिए और इनसे ध्यान भटकाने के लिए किया है। अभी पिछले साल ही पटवारी भर्ती परीक्षा में घोटाले के आरोप लगे थे। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री मोदी यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कर रहे हैं कि युवाओं को दोबारा इस तरह के अन्याय का सामना न करना पड़े?

रमेश ने कहा, 2006 में कांग्रेस ने क्रांतिकारी वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) पारित किया था। इस कानून ने आदिवासियों और वन में रहने वाले अन्य समुदायों को अपने ख़ुद के जंगलों का प्रबंधन करने और उनसे प्राप्त उपज से आर्थिक रूप से लाभ उठाने का कानूनी अधिकार दिया था। लेकिन भाजपा सरकार एफआरए के कार्यान्वयन में बाधा डालती रही है, जिससे लाखों आदिवासी इसके लाभों से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार राज्य के आदिवासी समुदाय को सुविधाएं देने में क्यों विफल रही है?

कांग्रेस नेता ने दावा किया, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, मध्य प्रदेश में दलितों के ख़िलाफ़ अपराध दर देश में सबसे अधिक है। 2021 में (जिसका सबसे ताज़ा डेटा उपलब्ध है), अनुसूचित जाति के ख़िलाफ़ अपराध दर 63.6 थी, जबकि राष्ट्रीय औसत 25.3 है।

रमेश ने प्रश्न किया, ऐसा क्यों है कि दलितों को अपनी सुरक्षा को लेकर डर बढ़ रहा है? क्या प्रधानमंत्री मोदी को उन अनगिनत अत्याचारों पर कोई शर्म महसूस नहीं होती जो उनके सत्ता में रहते दलितों ने सहे हैं?''

## पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए उसका समर्थन करने को तैयार : आईएमएफ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/लाहौर/वाशिंगटन/भाषा।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को उसकी आर्थिक स्थिति को सुधारने तथा स्थिर करने में मदद के लिए प्रमुख सुधारों में समर्थन देने को तैयार है।

आईएमएफ में पश्चिम एशिया व मध्य एशिया विभाग के निदेशक ने जिहाद अज़ोर ने आईएमएफ और विश्व बैंक की एक बैठक के मौके पर पत्रकारों से कहा कि ....कुछ प्रमुख चुनौतियों से निपटने में मदद के लिए एक नए कार्यक्रम में रुचि दिखाई गई है। 10 महीने पहले शुरू किए गए मौजूदा कार्यक्रम के दम पर पाकिस्तान ने आर्थिक स्थिरता के मामले कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। आईएमएफ अधिकारी ने आशा व्यक्त की कि पिछली समीक्षा सफल रही थी और इसे निदेशक मंडल के सामने रखा जाएगा। इससे उस कार्यक्रम को समाप्त कर दिया जाएगा जिसने पाकिस्तान को आर्थिक असंतुलन को दूर करने और उसकी आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में मदद की थी। अज़ोर ने कहा, उन उपायों ने पाकिस्तान को अपना भंडार बढ़ाने की अनुमति दी। वर्तमान में अधिकारियों ने पाकिस्तान को कुछ प्रमुख चुनौतियों से निपटने में मदद करने के लिए एक नए कार्यक्रम में रुचि व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि इनमें से एक है व्यापक आर्थिक स्थिरता को बनाए रखना। इसके लिए बजट घाटे के स्तर को कम करने तथा राजस्व स्थिति में सुधार करके राजकोषीय स्थिति को मजबूत करने के वास्ते राजकोषीय पक्ष पर काम जारी रखने की आवश्यकता होगी, जो अतीत में मुख्य चुनौतियों में से एक थी। राजस्व बढ़ने से सरकार को न केवल ऋण की स्थिति का समाधान करने में मदद मिलेगी बल्कि अतिरिक्त सामाजिक सहायता प्रदान करने की भी गुंजाइश होगी। दूसरा लक्ष्य ऊर्जा क्षेत्र में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा, यह काफी समय से प्राथमिकता बनी हुई है और अब भी पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण आयाम है जिसमें सुधार की जरूरत है।











# तमिलनाडु की 39 लोस सीट के लिए मतदान संपन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत शुक्रवार की शाम तमिलनाडु की सभी 39 सीट के लिए मतदान संपन्न हो गया। वैकल्पिक आंकड़ों के मुताबिक 63.20 प्रतिशत मतदाताओं ने इस दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

निर्वाचन अधिकारियों ने शाम पांच बजे तक प्राप्त आंकड़ों के आधार पर बताया कि धर्मपुरी लोकसभा सीट पर सबसे अधिक 67.52 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि दक्षिण चेन्नई सीट पर सबसे कम 57.04 प्रतिशत मतदान हुआ। कन्याकुमारी जिले के विल्वनकोड विधानसभा क्षेत्र के लिए हुए उपचुनाव में 56.68 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक हुए मतदान के अंतिम आंकड़े अधिकारियों द्वारा शीघ्र अद्यतन किए जाने की उम्मीद है।

राज्य के कई जिलों में तापमान के तीन से पांच डिग्री बढ़ने के कारण पड़ रही भीषण गर्मी के बावजूद लोग मतदान के लिए लंबी कतारों में खड़े रहे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्यव्रत साहू ने संवाददाताओं को बताया कि तमिलनाडु में अपराह्न 15 बजे तक 51.41 प्रतिशत मतदान हुआ। सेलम में तीन बजे तक सबसे अधिक 60.05 प्रतिशत और चेन्नई सेंट्रल में सबसे कम 41.47 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सत्तारूढ़ द्रमुक का गढ़ माने जाने वाले चेन्नई के तीन निर्वाचन क्षेत्रों को छोड़कर राज्य के अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान 50 प्रतिशत के आंकड़े को पार कर गया। नामक्कल और कल्लाकुरिची निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह से ही मतदान तेज रहा, जहां अपराह्न 15 बजे तक क्रमश: 59.55 और 59.05 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

साहू ने चेन्नई में कम मतदान के लिए चिलचिलाती गर्मी को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि मतदाताओं को घर के अंदर रहने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने हालांकि, विश्वास जताया कि अपराह्न 3.00 बजे के बाद लू की तीव्रता कम होनी शुरू हो गयी है, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगा।

साहू ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और राज्य के किसी भी हिस्से से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

जैसे-जैसे राज्य भर में मतदान आगे बढ़ा, अभिनेता-राजनेता एवं मक्कल नीधि माईम के संस्थापक कमल हासन, लोकप्रिय अभिनेता एवं तमिलागा वेत्री कड़गम के संस्थापक विजय, जिन्होंने हाल ही में अपने राजनीतिक प्रवेश की घोषणा की, लेकिन इस चुनाव में भाग नहीं लेने का फैसला किया और इसकी बजाय 2026 विधानसभा चुनाव पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है, अभिनेता वैदवेलु, शिवकुमार तथा उनके बेटे सूर्या और कार्ति के अलावा, जयम रवि, अभिनेत्री से राजनेता बनी भाजपा नेता खुशबू, तृषा कृष्णन, भाजपा की गौतमी और नमिता, हास्य अभिनेता योगी बाबू, फिल्म निर्देशक भारतीराजा, संगीत उस्ताद इलियाराजा, गीतकार वैरामुथु सहित अन्य लोगों ने अपने-अपने मतदान केंद्रों पर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया। राज्य के 609 निर्दलीय उम्मीदवारों सहित कुल 950 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज होगा, जिनमें से 876 पुरुष और 74 महिला उम्मीदवार हैं।




## तमिलनाडु में द्रमुक, इंडि गठबंधन की जीत होगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के युवा कल्याण एवं खेल विकास मंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता उदयनिधि स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि द्रमुक और विपक्षी कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया समूह राज्य में लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगा। उदयनिधि ने वोट डालने के बाद पत्रकारों से यह बात कही। वह मुख्यमंत्री एवं द्रमुक अध्यक्ष एम.के.स्टालिन के पुत्र हैं। उन्होंने कहा, राज्य में मतदाताओं का मूड यह है कि द्रमुक और इंडिया समूह चुनाव में जीत हासिल करेगा।

## वेंगइवायल गांव के दलितों ने किया लोकसभा चुनाव का बहिष्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुदुकोट्टई।** तमिलनाडु में पुदुकोट्टई जिले के अन्नावासल ब्लॉक के एक दूरस्थ गांव वेंगइवायल के दलित लोगों ने पेयजल टैंक में मानव मल मिलाने में शामिल दोषियों को एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी गिरफ्तार करने में पुलिस की विफलता का हवाला देते हुए लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया है। अज्ञात बदमाशों ने 26 दिसंबर 2022 को गांव में रहने वाले अनुसूचित जाति के लोगों के लिए बने ओवरहेड पेयजल टैंक में मानव मल मिला दिया। इस घटना से पूरे राज्य में क्षोभ की लहर दौड़ गई थी।

मामले की जांच कर रही अपराध शाखा-आपराधिक जांच विभाग (सीबी-सीआईडी) पुलिस 15 महीने से अधिक समय से मामले में अब तक कोई सफलता हासिल नहीं कर पाई है। पुलिस ने वैज्ञानिक साक्ष्य की तलाश में कुछ संदिग्धों का डीएनए परीक्षण और आवाज का विश्लेषण किया है।

इस जघन्य घटना के कारण वेंगईवायल के निवासी लगातार परेशान रहे हैं, इसलिए लोगों के एक वर्ग ने जांच में देरी पर चुनाव का बहिष्कार करने की धमकी देते हुए एक बैनर लगाया था, लेकिन पुलिस ने अनुमति नहीं लेने की बात कह कर बैनर हटा दिया। गांव में तैनात चुनाव अधिकारियों ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक एक भी मतदाता मतदान केंद्र पर नहीं आया। इस बीच, वरिष्ठ चुनाव अधिकारी निवासियों के साथ चर्चा करते रहे और उन्हें मतदान केंद्रों पर आने तथा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मनाते रहे।

मुख्य न्यायाधीश संजय विजयकुमार गंगापुरवाला और न्यायमूर्ति सत्य नारायण प्रसाद की पहली पीठ ने मंगलवार को मामले की त्वरित जांच की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए आश्चर्य जताया कि 'जांच पूरी करने में इतना समय क्यों लग रहा है।' पीठ ने पुलिस को निर्देश दिया कि घटना की जांच लगातार नहीं चल सकती और इसे तीन जुलाई तक पूरा करना होगा।

## तमिलनाडु के राज्यपाल रवि, मुख्यमंत्री स्टालिन समेत प्रमुख हस्तियों ने किया मतदान

**चेन्नई।** तमिलनाडु में राज्यपाल आर एन रवि और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन समेत कई नेताओं और प्रमुख हस्तियों ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपने-अपने मतदान केंद्रों में वोट डाला। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि ने यहां एक मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पनीरसेल्वम और ई. के. पलानीस्वामी तथा अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी मतदान किया। रवि तथा स्टालिन ने लोगों से अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य का निर्वहन करने का अनुरोध किया।

स्टालिन, उनकी पत्नी दुर्गा स्टालिन, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) नेता कनिमोई, भारतीय जनता पार्टी के नेता एल. मुरुगन और तमिलिसाई सौंदरराजन ने भी यहां मतदान किया। कनिमोई थूथुकुडी, मुरुगन नीलगिरी और सौंदरराजन दक्षिण चेन्नई से चुनाव लड़ रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्रियों पलानीस्वामी और पनीरसेल्वम ने अपने गृह जिलों क्रमश: सेलम और थेनी में मतदान किया। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री पलानीवेल थियागा राजन ने मदुरै में मतदान किया। अनुभवी कम्युनिस्ट नेता आर नल्लाकन्नू और तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने चेन्नई में मतदान किया।

भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलई ने करूर जिले में अपने पैतृक गांव में मतदान किया और नाम तमिलार काची के शीर्ष नेता सीमन ने चेन्नई में नीलंकराई में मतदान किया। पट्टाली मक्कल कांची (पीएमके) की धर्मापुरी से उम्मीदवार सौम्या अंबुमणि ने तिंदिवनम में मतदान किया। अनुभवी अभिनेता और मक्कल निधि मय्यम संस्थापक कमल हासन ने चेन्नई के तिनामपेट में वोट डाला। वह लोकसभा चुनाव में द्रमुक-कांग्रेस गठबंधन के लिए प्रचार कर रहे हैं। रजनीकांत, इलैयाराजा और अजित कुमार समेत प्रमुख हस्तियों ने सुबह-सुबह मतदान किया।

फिल्म कलाकार तृषा, धनुष, मंसूर अली खान, गीतकार वैरामुथु तथा तमिल फिल्म इंडस्ट्री की कई हस्तियों ने भी अपने-अपने मतदान केंद्र पर वोट डाला। मंसूर अली खान वेल्लोर में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। तमिलनाडु में सभी 39 सीटों पर सुबह सात बजे से मतदान जारी है। पड़ोसी पुडुचेरी में एआईएनआरसी संस्थापक व मुख्यमंत्री एन. रंगासामी दुपहिया वाहन पर बैठकर मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान किया। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्यब्रत साहू ने बताया कि सेलम में दो बुजुर्ग मतदाताओं की मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक रिपोर्ट मांगी गयी है।

## पारंदूर हवाई अड्डा परियोजना का विरोध कर रहे ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार

**चेन्नई।** तमिलनाडु में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव का चेन्नई के पास पारंदूर हवाई अड्डे परियोजना का विरोध करने वाले ग्रामीणों और पुदुक्कोट्टई जिले के वेंगइवायल के लोगों ने बहिष्कार किया। वेंगइवायल के लोगों ने पानी की टंकी में मानव मल मिलाने की घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में मतदान में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया।

श्रीपेरंबुदूर के नजदीक पारंदूर पंचायत के अंतर्गत आने वाले नागपट्ट सहित एकानापुरम और आसपास के अन्य इलाकों के ग्रामीण हवाई अड्डा परियोजना का विरोध कर रहे हैं और वे मतदान से दूर रहे। जब राजस्व विभाग के एक अधिकारी ने कुछ सरकारी कर्मचारियों को वोट देने के लिए मनाने के वास्ते एकानापुरम गांव का दौरा किया, तो हंगामा हो गया और ग्रामीणों ने अधिकारी को घेर लिया और उनके दौरे का विरोध किया।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ सरकारी कर्मचारियों पर अधिकारियों द्वारा वोट देने के लिए दबाव डाला गया और उन्होंने इस कार्रवाई की निंदा की। पुदुक्कोट्टई जिले के वेंगइवायल और एरैयूर गांवों के लोगों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जिनमें दलित और अन्य जाति के लोग शामिल हैं।

लोगों ने काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन किया, कुछ ने काले कपड़े से अपना मुंह ढंक लिया और अन्य ने न्याय की मांग करते हुए काले झंडे लहराए। साल 2022 में गांव में पानी की टंकी में मानव मल मिला दिया गया था और मामले की पुलिस जांच कर रही है। स्थानीय मुद्दों से जुड़े कारणों से कुछ अन्य स्थानों के लोगों ने भी वोट डालने से परहेज किया। इसमें डिंडीगुल जिले के नाथम अंतर्गत सीरागमपट्टी और थूथुकुडी जिले का एक इलाका शामिल है, जहां उपद्रवियों ने पुलिस वाहन पर पथराव किया।

# चिलचिलाती धूप में भी मतदान को लेकर उत्साह

## बड़ी संख्या में लोगों ने किया मतदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** पूरे तमिलनाडु में 19 अप्रैल को मतदान हुआ। सभी मतदान केन्द्रों में बड़ी संख्या में सुबह से ही लोगों की भीड़ देखी गई। दोपहर तक तेज धूप में भी लोगों ने उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया। लोगों ने धूप की परवाह किए बिना मतदान किया। सुबह सुबह अधिकांश मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें देखी गईं। मतदाता चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के लिए सुबह जल्दी मतदान करने भी पहुंच गए।

इस बीच सेलम में एक मतदान केंद्र पर वोट डालने आये दो बुजुर्ग लोगों की भीषण गर्मी के कारण मौत हो गयी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सत्यव्रत साहू ने संवाददाताओं को बताया कि कल्लाकुरिची में पूर्वाह्न 11.00 बजे तक सबसे अधिक 26.58 प्रतिशत और चेन्नई सेंट्रल में सबसे कम 21.09 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

सेलम में एक मतदान केंद्र पर दो लोगों की मौत के बारे में पूछे जाने पर श्री साहू ने कहा वे दोनों बुजुर्ग थे और उनमें से एक व्हील चेयर पर आया था। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी से रिपोर्ट मांगी गयी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल, बैठने की व्यवस्था सहित सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी है। लोगों को गर्मी के संपर्क में आने से बचाने के लिए शामियाने भी लगाए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और कोई अप्रिय घटना की रिपोर्ट नहीं है।

लोकसभा चुनावों के साथ-साथ, विलावनकोड विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव हो रहा है। यह उपचुनाव मौजूदा कांग्रेस विधायक सुश्री एस. विजयधरानी के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई सीट के लिए हो रहा है।

राज्य में 3.17 करोड़ महिला और 3.06 करोड़ पुरुष सहित कुल 6.23 करोड़ मतदाताओं के अपने मताधिकार के उपयोग करने की उम्मीद है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कुछ छोटी गड़बड़ियों को छोड़कर, राज्य के किसी भी हिस्से से कोई बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। ईवीएम की गडबड़ी को अधिकारियों ने ठीक कर लिया।

तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्यब्रत साहू ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि एकल चरण के लिए हो रहे मतदान में कुल 1.58 लाख (ईवीएम) का इस्तेमाल किया जा रहा है। लगभग दस लाख मतदाता पहली बार मतदान करेंगे, जिनमें से पांच लाख से अधिक 18-19 आयु वर्ग के हैं।

उन्होंने बताया कि राज्य भर में 68,321 मतदान केंद्रों पर मतदान हो रहा है, जिसमें 177 सहायक स्टेशन भी शामिल हैं, इनमें से 8,050 बूथों को संवेदनशील और 180 को अति संवेदनशील के रूप में पहचाना गया है, जहां अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 609 निर्दलीय उम्मीदवारों सहित कुल 950 उम्मीदवारों चुनाव मैदान में है। इनमें 876 पुरुष और 74 महिला उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज होगा। उन्होंने बताया कि शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों सहित कुल 3.54 लाख कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में लगे हुए हैं। कड़े सुरक्षा उपायों के तहत केंद्रीय बलों की कुल 190 कंपनियां मतदान ड्यूटी के लिए तैनात की गई हैं।

इन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 19 सीटों पर, पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) 10 सीटों पर, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) दो और अन्य सहयोगी दल शेष पांच सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं।

चुनाव मैदान में कांग्रेस के मौजूदा सांसदों में कार्ति पी.चिदंबरम (शिवगंगा) शामिल हैं, जो पूर्व केंद्रीय मंत्री पी.चिदंबरम के बेटे हैं। तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) के पूर्व अध्यक्ष एम.कृष्णासामी के बेटे एम.के.विष्णु प्रसाद 2019 में अरनी से चुने जाने के बाद इस बार कुड्डालोर से चुनाव लड़ रहे हैं, दिवंगत सांसद एच.वसंत कुमार के बेटे विजय वसंत (कनियाकुमारी), सुश्री एस.जोथिमनी (करूर) और मनिकम टैगोर (विरुधुंगर), इसके अलावा गठबंधन पार्टी के उम्मीदवार जिनमें वीसीके संस्थापक थोल थिरुमावलवन (चिदंबरम-आर) और डी.रविकुमार (विलुप्पुरम-आर), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के एस वेंकटेशन (मदुरै) और माकपा के. सुब्बारायण (तिरुप्पुर), आईयूएमएल के नवाज कानी (रामनाथपुरम) शामिल है।



## मतदाता पट्टी से गायब मिले नाम : अन्नामलाई

**कोयम्बटूर।** कोयंबटूर और पोलाची संसदीय क्षेत्रों में मतदान तेजी से चल चले मतदान के दौरान सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग लाइन में लगकर वोट डालने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और कोयंबटूर लोकसभा उम्मीदवार अन्नामलाई ने राम नगर इलाके में नगर निगम गर्ल्स हाई स्कूल के मतदान केंद्र का दौरा किया और भारी मतदान देखा।

यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कोयंबटूर क्षेत्र में मतदान पंजीकरण तेजी से चल रहा है। खुलासा हुआ है कि एक लाख से ज्यादा लोगों का नाम मतदाता पट्टी से गायब है। कई जगह परिवार के दो लोगों के नाम अलग अलग मतदान केन्द्रों में आए हैं। गौंडमपालयम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अंगप्पा स्कूल मतदान केंद्र में 830 मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। इससे पता चलता है कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण और तैयारी में उचित परिश्रम नहीं किया है। यह संदेहास्पद है कि एक संसदीय क्षेत्र की एक ही सीट से 830 मतदाताओं के नाम किस आधार पर हटा दिये गये। इसलिए हमारा अनुरोध है कि इस मतदान केंद्र पर दोबारा चुनाव कराया जाए।

चुनाव आयोग ने बुजुर्गों के लिए परिवहन वाहनों की व्यवस्था करने में भी रुचि दिखाई है। हालांकि लोग बड़ी संख्या में आकर मतदान कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि कोयंबटूर संसदीय क्षेत्र में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान होगा। मतदाता सूची से थोक में नाम काटे जाने के संबंध में पूछे जाने पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी से कोई जवाब नहीं मिला। अभी जिस मतदान केंद्र पर हम गए, वहां भी एक बुजुर्ग महिला रोते हुए मना कर रही है कि उसे यहां वोट नहीं मिला है। उनके मृत पति को यहां मतदान का अधिकार है। इसी तरह प्रत्येक बूथ से 20 मतदाताओं के नाम हटाये गये हैं।

पारंपरिक भाजपा कार्यकर्ताओं को यहां-वहां वोट देने के अधिकार से वंचित कर दिया गया है. लोग भी निष्पक्ष और ईमानदार चुनाव चाहते हैं. हम इन अनियमितताओं पर एक रिपोर्ट तैयार कर उसे एक दस्तावेज के रूप में देने जा रहे हैं.' इससे पता चलता है कि चुनाव आयोग मतदाता सूची तैयार करने में ठीक से काम नहीं कर रहा है. मतदाता सूची के लिए नाम स्तर तक कार्य किया जाता है। सीधे प्रत्येक घर में जाकर मतदाताओं को यह बात समजाना हे।

### धन्यवाद — दक्षिण भारत राष्ट्रमत




उत्तरी चेन्नई के भाजपा उम्मीदवार पाल कनगराज की ओर से राज्य सचिव और उत्तरी चेन्नई संसदीय चुनाव अधिकारी सतीश कुमार ने चुनाव के कुछ ही मिनटों के भीतर एक धन्यवाद पोस्टर लगाकर मतदाताओं को धन्यवाद दिया। जिससे पूरे उत्तरी चेन्नई में हलचल मच गई।

## इंडिगो एयरलाइन चेन्नई से बैंकॉक के लिए उड़ान सेवाएं फिर से शुरू करेगी

**चेन्नई।** इंडिगो एयरलाइन चेन्नई से बैंकॉक के लिए उड़ान सेवाएं फिर से शुरू करेगी और इस महानगर से दुर्गापुर के लिए क्रमश: 15 और 16 मई से सीधी उड़ानें होंगी। इंडिगो एयरलाइन 15 मई से बैंकॉक के लिए सप्ताह में चार बार और 16 मई से दुर्गापुर के लिये सप्ताह में तीन बार उड़ानें संचालित करके अपना परिचालन फिर से शुरू करेगी। तमिलनाडु की राजधानी से ये सीधे मार्ग घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगे। यहां एक एयरलाइन विज्ञप्ति में कहा गया है कि चेन्नई से बैंकॉक और दुर्गापुर की कनेक्टिविटी से व्यवसायिक और अवकाश यात्रियों को उड़ान के विकल्प बढ़ेंगे और क्षेत्र में आर्थिक विकास में मदद मिलेगी।

चेन्नई को शामिल करने के साथ, इंडिगो अब दुर्गापुर से दिल्ली, मुंबई, बेंगलूरु और हैदराबाद सहित मेट्रो शहरों के लिए 28 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करता है। यह नया कनेक्शन दुर्गापुर के यात्रियों को चेन्नई के माध्यम से अन्य घरेलू और अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों से जुड़ने के लिए अधिक विकल्प प्रदान करेगा। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, ''हमें चेन्नई और दुर्गापुर के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने के साथ-साथ चेन्नई और बैंकॉक के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।''इन उड़ानों के साथ इंडिगो भारत के सात शहरों से थाईलैंड के लिए 69 सीधी उड़ानें संचालित करता है। शहर की चारों ओर प्रमुख ऑटोमोबाइल विनिर्माण इकाइयों और संबद्ध उद्योगों की उपस्थिति के कारण, चेन्नई को 'भारत का डेट्रॉइट' भी कहा जाता है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया — भारत सरकार का उपक्रम — Union Bank of India — A Government of India undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय - कांचीपुरम
नंबर 168, लिंगी चेट्टी स्ट्रीट,
पैरीज़ कॉर्नर, जॉर्ज टाउन,
चेन्नई-600001

**बैंक के हॉलिडे होम के लिए पुद्दुचेरी में पट्टे पर परिसर की जरूरत**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पुद्दुचेरी में अपने हॉलिडे होम के लिए 03 पूरी तरह से सुसज्जित कमरों को किराए के आधार पर पट्टे पर लेने का इरादा रखता है, जो रहने के लिए तैयार स्थिति में हों। हॉलिडे होम में वे सभी साधन / सुविधाएं होनी चाहिएं, जो आम तौर पर मनोरंजन / आरामदायक प्रवास के लिए अपेक्षित होती हैं।

प्रस्ताव दो भागों में अर्थात् तकनीकी बोली और वित्तीय बोली के तहत अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, कांचीपुरम नं. 168, लिंगी चेट्टी स्ट्रीट, पैरीज़ कॉर्नर, चेन्नई-600 001 पर **10.05.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक** पहुंचने के लिए मांगे गए हैं **और प्रस्तावों का तकनीकी भाग 10.05.2024 को शाम 4.00 बजे खोला जाएगा।**

पूर्ण विवरण, आवेदन प्रारूप और प्रस्ताव जमा कराने के तरीके के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट **www.unionbankofindia.co.in** और सरकारी पोर्टल **www.eprocure.gov.in** पर लॉग ऑन करें। अथवा निविदा दस्तावेजों की हार्डकॉपी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया,पुद्दुचेरी शाखा, ग्राउंड फ्लोर, सविता प्लाजा, 100 फीट रोड, इंदिरा गांधी की प्रतिमा के पास, पुद्दुचेरी-605 005 से प्राप्त की जा सकती है।

बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। किसी भी दलाल या मध्यस्थ को अनुमति नहीं है।

स्थान : चेन्नई — ह/-
दिनांक : 20.04.2024 — क्षेत्रीय प्रमुख


राज्यपाल कलराज मिश्र


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा


केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल


उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी एवं अन्य।


कांग्रेस नेता गोविंद सिंह डोटासरा


भाजपा उम्मीदवार ज्योति मिर्धा


मुख्य सचिव सुधांशु पंत


पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह


मतदान करने के बाद अंगुली का निशान दिखाते मतदाता।

# राज्यपाल मिश्र व मुख्यमंत्री शर्मा ने मतदान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को राजस्थान की 12 लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहा है। राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित अन्य नेताओं ने इस दौरान वोट डाला। राज्यपाल मिश्र और उनकी पत्नी सत्यवती मिश्र ने सी स्कीम के एक मतदान केंद्र पर मतदान किया। मतदान के बाद मिश्र ने कहा कि मतदान भारत के हर पात्र नागरिक का संवैधानिक अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है और इसी से लोकतंत्र सशक्त होता है।

मुख्यमंत्री शर्मा भी पत्नी के साथ जगतपुरा के मतदान केंद्र पर पहुंचे व वोट डाला। बाद में वह गोविन्ददेव जी मंदिर गए और धोक दी। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने भी जयपुर शहर के एक मतदान केंद्र पर वोट डाला। केंद्रीय मंत्री व बीकानेर से उम्मीदवार अर्जुन राम मेघवाल ने बीकानेर के एक मतदान केंद्र पर सपरिवार मतदान किया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में लोकसभा की कुल 25 सीटें हैं। इनमें से पहले चरण में चूरू, नागौर, गंगानगर, झुंझुनू, बीकानेर, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर और दौसा में मतदान हो रहा है।

विभिन्न नेताओं व अधिकारियों ने अपने अपने इलाकों में वोट डाला। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने जयपुर के गांधी नगर के एक मतदान केंद्र पर वोट डाला। गुप्ता ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से मतदान अवश्य करने की अपील की। मतदान को लेकर विशेषकर नए मतदाताओं में उत्साह दिखा। जयपुर शहर में अनेक जगह मतदाता वोट डालने के बाद सेल्फी खिंचवाते नजर आए। अनेक मतदान केंद्रों में विशेष सजावट की गई। निर्वाचन विभाग ने राज्य स्तर पर बेस्ट सेल्फी अवार्ड देने, व्यापारिक संगठनों के सहयोग से मतदाताओं को स्क्रेच कार्ड और स्याही लगी उंगली दिखाने पर विभिन्न विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं पर छूट सहित कई पहल की हैं।

## साहू ने किया मतदान

राजस्थान में लोकसभा चुनावों के प्रथम चरण के तहत पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने शुक्रवार को यहां अपने मताधिकार का उपयोग किया। साहू ने जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित राजकीय सेठ आनंदी लाल पोद्दरी बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में बूथ संख्या 25 के केन्द्र पर पहुंचकर पत्नी अनीता साहू के साथ अपना मतदान किया। इस अवसर पर साहू ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील करते हुए कहा कि निर्वाचन विभाग के लाखों कर्मचारी कई महीनों से इस व्यवस्था में लगे है कि सभी मतदाता आराम से मतदान कर सके। ऐसे में सभी मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्रों में अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर आवश्यक रूप से मतदान करना चाहिए।

## पूनिया ने किया मतदान

राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा के हरियाणा प्रदेश लोकसभा प्रभारी डा सतीश पूनिया ने लोकसभा चुनाव में यहां अपना मताधिकार का उपयोग किया। डा पूनिया ने रानी सतीनगर में बाइट फ्यूचर स्कूल में स्थित मतदान केन्द्र में पत्नी मोहिनी पूनिया, पुत्र महीप पूनिया के साथ अपना वोट डाला। मतदान के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि देशभर में भाजपा-एनडीए 400 पार, भाजपा 370 और राजस्थान में सभी 25 लोकसभा सीटें भाजपा जीतेंगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में वोट करने की अपील की।

## पायलट एवं डोटासरा ने किया मतदान

राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने लोकसभा चुनाव में शुक्रवार को अपने मताधिकार का उपयोग किया। पायलट ने सुबह करीब दस बजे जयपुर में सी स्कीम सरदार पटेल मार्ग स्थित रेजीडेन्सी स्कूल में स्थापित मतदान केन्द्र में अपना वोट डाला। इसके बाद वह कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार के लिए टोंक एवं सवाईमाधोपुर के लिए रवाना हो गए। इसी तरह डोटासरा ने सीकर जिले में सुतोद पंचायत में कृपाराम की ढाणी में स्थित मतदान केन्द्र पर सुबह करीब साढ़े दस बजे परिवार के साथ अपना वोट डाला।

## दीया कुमारी ने किया मतदान

जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने लोकसभा चुनाव में शुक्रवार को यहां अपने मताधिकार का उपयोग किया। श्रीमती दीया कुमारी ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण में जयपुर शहर लोकसभा क्षेत्र में पुराना पेंशन कार्यालय, चीनी का बुर्ज , जनानी ड्योढी के पास स्थित मतदान केन्द्र पर अपना वोट डाला। वोट डालने के बाद उन्होंने अपनी अंगुली पर स्याही के निशान को भी दिखाया। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं से बढ़चढ़कर मतदान में हिस्सा लेने की अपील की और खुशी जताई की मतदान करने के लिए महिलाएं आगे आ रही है और उन्हें इस मौके महिलाएं ही महिलाएं नजर आ रही है। इसी तरह राज्य के उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने वैशाली नगर में एक मतदान केन्द्र पर पत्नी गायत्री राठौड़ के साथ अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसी प्रकार मुख्य सचिव सुधांश पंत ने भी अपने मताधिकार का उपयोग किया।

## शुभ्रा सिंह ने सपरिवार किया मतदान

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सपरिवार मतदान किया। श्रीमती सिंह प्रातः 11:30 बजे गांधीनगर में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालय में बनाए गए मतदान केन्द्र पर पहुंची। उन्होंने अपनी बारी आने पर मतदान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व पर सभी पात्र नागरिकों को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने प्रदेश के सभी मतदाताओं से मतदान अवश्य करने की अपील की।

## सुधांश पंत ने सपरिवार किया मतदान

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने शुक्रवार को जयपुर के सेठ आनंदीलाल पोद्दार मूक बधिर विद्यालय स्थित मतदान केन्द्र में सुबह 7 बजे परिवार सहित मतदान किया।

मुख्य सचिव ने पंक्ति में लगकर अपनी बारी आने पर वोट दिया। इस मौके पर मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी मतदाताओं विशेषकर युवाओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।



# वैभव को एक मौका दे कर तो देखें : अशोक गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सिरोही। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शुक्रवार को सिरोही जिले के दौरे पर रहे जहां उन्होंने जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में आबूरोड, पिण्डवाड़ा और जावाल में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वैभव गहलोत ने अपने मैनिफेस्टो के जरिए जालोर, सांचौर, सिरोही की समस्याओं के समाधान का रास्ता निकाला है। इस क्षेत्र की तरक्की हो सके, इसके लिए योजना बनाई है। आप एक बार वैभव का मैनिफेस्टो पढ़ें, वैभव को एक मौका दें। मैनिफेस्टो के माध्यम से इन जिलों की पेयजल, सिंचाई जल, रोजगार, ट्रेन, एयरपोर्ट आदि से जुड़ी समस्याएं दूर होंगी। टीएसपी क्षेत्र बढ़ाया जाएगा, वहीं कांग्रेस के आने पर महिला मुखियाओं को सालाना 1 लाख रुपया मिलेगा।

उन्होंने आमजन को यकीन दिलाया कि वैभव हमेशा आपके सुख-दुख में खड़ा रहेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद भी मेरे लायक काम हो तो आप मुझसे कभी भी मिल सकते हो। वैभव ने, मैंने, यहां के सभी विधायकों और कांग्रेसजनों ने ठाना है कि यहां के विकास के लिए मजबूती से काम करेंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि वे 26 अप्रैल को ईवीएम मशीन पर नंबर 2 पर हाथ का बटन दबाएं और कांग्रेस के वैभव गहलोत को जरूर विजयी बनाएं।

अशोक गहलोत ने कहा कि आदर्श कोऑपरेटिव बैंक घोटाले में जालोर, सांचौर, सिरोही निवासियों सहित लाखों प्रदेशवासियों का पैसा डूब गया। कई परिवार सड़क पर आ गए। यह घोटाला भाजपा के नेताओं ने किया था। अमित शाह ने सहकारिता मंत्री होते हुए भी अभी तक घोटाले में फंसा लोगों का पैसा वापस दिलवाने में रुचि नहीं ली है। यहां भाजपा के देवजी पटेल सांसद रहे, लेकिन उन्होंने भी संसद में आदर्श घोटाले की बात नहीं उठाई। पूर्व मुख्यमंत्री ने आमजन को यकीन दिलाया कि सांसद बनने के बाद वैभव इस मुद्दे को संसद में जोर-शोर से उठाएगा और पीड़ितों को न्याय दिलाने के साथ-साथ उनका पैसा दिलवाने में भी मदद करेगा। उन्होंने कहा कि धर्म किसी एक व्यक्ति विशेष या पार्टी की बपौती नहीं। हम सभी बचपन से राम का नाम लेते आए हैं। कोई अकेला व्यक्ति धर्म का ठेकेदार बने, यह अच्छी बात नहीं। पिछली कांग्रेस सरकार ने अयोध्या में बने रामलला मंदिर के निर्माण में पूरा सहयोग किया। पूरा पत्थर राजस्थान से गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में चिरंजीवी स्वास्थ्य, फ्री बिजली, सहित विभिन्न योजनाओं से जनता के भले के लिए काम किए।

# योगी आदित्यनाथ आज निम्बाहेड़ा में, भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी के समर्थन में करेंगे भव्य रोड़ शो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चित्तौड़गढ़ । राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ लोकसभा चुनाव प्रत्याशी सीपी जोशी के समर्थन में शनिवार 20 अप्रैल को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भव्य रोड़ शो करेंगे। सीएम योगी शनिवार सुबह 11 बजे उदयपुर हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर के से रवाना होकर 11.35 बजे निम्बाहेड़ा हेलिपैड पर पहुंचेंगे। सीएम योगी का रोड़ शो 11.45 बजे नगर के रेल्वे स्टेशन, माल गोदाम मार्ग से आरम्भ होगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों माल गोदाम रोड़, चित्तौड़ी दरवाजा, पंचोली चौराहा, उदयपुर रोड़, चन्दन चौक, श्री परशुराम सर्कल होते हुए शेखावत सर्कल पहुंचेगा, जहां शाह रोड़ शो में शामील आमजन सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोंधित करेंगें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने जनसंपर्क के दौरान सभाओं को सम्बोधित करते हुए कहा पूर्व की कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल एवं राजस्थान में विगत पांच वर्षो के सरकार के कार्यकाल में जनता का शोषण देखकर पीड़ा होती है। पिछले साठ वर्षो के कार्यकाल में कांग्रेस की सरकारों ने जनता की आस्था व भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया, विकास में भी रोड़े अटकाये। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कांग्रेस को विकास की राह में सबसे बड़ा बैरियर बताते हुए कहा कि जो काम कांग्रेस ने अपने 60 साल के कार्यकाल में नहीं किए उससे अधिक काम भाजपा की मोदी सरकार ने पिछले दस सालों में कर दिखाए। देश को परिवार मान और प्रधान सेवक के रूप में काम करते हुए हर देश को मजबूती दी और विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ाया। मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति हर वर्ग को मिला। हर गरीब के कल्याण और उत्थान के लिए जो काम हुए है व अतुल्य अकल्पनीय है। हैं। कमजोर अर्थव्यवस्था से बाहर निकलकर भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में शीघ्र ही भारत तीसर सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या ने कहा कि कांग्रेस झूठे वादे कर जनता को भ्रमित कर रही है चित्तौड़ की जनता विकास चाह रही है चित्तौड़गढ़ के विकास के लिए सीपी जोशी को भारी मतों से जिताएं क्योंकि विकास सिर्फ भाजपा ही करा सकती है।



# प्रधानमंत्री मोदी ने 23 साल में बिना छुट्टी लिए देश की सेवा की : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव में लोगों से सोच समझकर वोट देने की अपील करते हुए शुक्रवार को कहा कि एक तरफ तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं जिन्होंने पिछले 23 साल में बिना छुट्टी लिए देश की सेवा की है वहीं दूसरी ओर हर तीन महीने में विदेश में 'छुट्टी' पर जाने वाले 'राहुल बाबा' हैं। वह पाली लोकसभा सीट के भोपालगढ़ में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

शाह ने लोगों से कहा, पाली कपड़ा उद्योग के लिए बड़ा मशहूर है.. । आप बाजार में कपड़ा लेने जाते हैं, चाहे पगड़ी या धोती हो, आप कपडे. को ढंग से देखते हैं न? ... अब जब पूरे देश का प्रधानमंत्री बनाना है, तब प्रत्याशी को ढंग से वोट देख कर वोट डालिए। दो लोग हैं, एक और 23 साल से छुट्टी लिये बगैर भारत माता की सेवा करने वाला नरेन्द्र मोदी हैं ...और दूसरी ओर हर तीन महीने में ... थाईलैंड... विदेश में छुट्टी मनाने वाले राहुल बाबा हैं।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 102 लोकसभा सीट पर शुक्रवार को हो रहे मतदान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा,पहले चरण के मतदान में देशभर में बंपर मतदान हो रहा है । जो मतदान करने जा रहा है, वह मोदी- मोदी के नारे लगाते हुए बाहर आ रहा है। उन्होंने कहा, हवाई अड्डे पर मुझे अधिकारियों ने बताया कि गर्मी का ग्राफ बहुत ऊपर जा रहा है। मैंने हवाई अड्डे के अधिकारियों को बताया कि गर्मी का ग्राफ जितना ऊपर जाएगा, भाजपा का ग्राफ भी उतना ही ऊपर जाएगा।



# गुवाहाटी सीट पर पांच लाख से अधिक वोटों से जीत का भरोसा : हिमंत शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** गुवाहाटी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार बिजुली कालिता मेधी ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया।

इस मौके पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने विश्वास जताया कि पार्टी पांच लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीतकर इस सीट पर अपना प्रतिनिधित्व बरकरार रखेगी। शर्मा ने मेधी के नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, आज लोगों का उत्साह भाजपा और हमारे उम्मीदवार के लिए समर्थन को दर्शाता है। यह हमारे लिए बड़े उत्साह की बात है।

मुख्यमंत्री शर्मा भी गुवाहाटी की जालुकबारी विधानसभा का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, यह समर्थन दिखाता है कि हम यहां पांच लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीतेंगे। आज जिन पांच सीटों पर मतदान हो रहा है, हम उन सभी पर चुनाव जीतेंगे। शर्मा ने कहा कि यह समर्थन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए और उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए है। उन्होंने कहा, हम असम को आगे ले जाना चाहते हैं। मोदीजी भारत को 'विश्व गुरु' बनाने का प्रयास कर रहे हैं और हम प्रचार के दौरान इन चीजों को रखेंगे।

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और राज्य में पार्टी के महिला प्रकोष्ठ की पूर्व अध्यक्ष मेधी ने भी इस सीट पर जीत का भरोसा जताया। उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा, जनता मेरे समर्थन के लिए आई है। लोगों के आशीर्वाद से मुझे गुवाहाटी में जीत का भरोसा है।

गुवाहाटी में सात मई को तीसरे चरण में मतदान होगा।

# उप्र में फिल्म 'दो शहजादों की जोड़ी' की शूटिंग चल रही हैं, लेकिन यह पहले ही रिजेक्ट हो चुकी है : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमरोहा (उप्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि फिल्म दो शहजादों की जोड़ी की शूटिंग चल रही है, लेकिन उनकी फिल्म पहले ही रिजेक्ट (नकारी जा चुकी) हो चुकी है। उन्होंने अमरोहा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मोदी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) नेता क्रमश: राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर तीखा निशाना साधते हुए कहा, उत्तर प्रदेश में एक बार फिर दो शहजादों की जोड़ी की फिल्म की शूटिंग चल रही है। इन दो शहजादों की फिल्म पहले ही रिजेक्ट हो चुकी है। उन्होंने कहा, हर बार ये लोग परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की टोकरी उठाकर उत्तर प्रदेश की जनता से वोट मांगने निकल पड़ते हैं। अपने इस अभियान में ये लोग हमारी आस्था पर हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ते।

प्रधानमंत्री ने अमरोहा से कांग्रेस उम्मीदवार दानिश अली पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, यहां से जो कांग्रेस के प्रत्याशी हैं, उन्हें भारत माता की जय बोलने में भी परेशानी होती है। जिसको भारत माता की जय मंजूर नहीं है, वह भारत की संसद में शोभा देता है क्या? ऐसे व्यक्ति को भारत की संसद में प्रवेश मिलना चाहिए क्या?'' मोदी ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर बना, तो सपा-कांग्रेस दोनों पार्टियों ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकरा दिया। आप कल्पना



कर सकते हैं कि वोट बैंक के भूखे लोग प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर निमंत्रण ठुकरा दें। उसके बजाए आप उनकी तरफ देखिये जो जीवन भर बाबरी मस्जिद का केस लड़ते रहे। वह हार गए लेकिन प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में शामिल हुए।

उनका इशारा राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले के मुद्दई इकबाल अंसारी की ओर था जो 22 जनवरी को राम मंदिर के अभिषेक समारोह में शामिल हुए थे।

प्रधानमंत्री ने कहा, रामनवमी पर अयोध्या में प्रभु रामलला का भव्य सूर्य तिलक हुआ है। आज जब पूरा देश राममय है, तब समाजवादी पार्टी के लोग वोट बैंक की खातिर रामभक्ति करने वालों को सार्वजनिक रूप से पाखंडी कहते हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें सामाजिक न्याय के नाम पर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग को सिर्फ धोखा ही देती रही हैं जबकि वह ज्योतिबा फुले, बाबा साहब का सपना पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे देश में पहले की सरकारें सामाजिक न्याय के नाम पर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग को सिर्फ धोखा ही देती रहीं। जो सपना ज्योतिबा फुले जी का था, बाबा साहेब आंबेडकर का था, चौधरी चरण सिंह जी का था...सामाजिक न्याय का उनका वह सपना अब मोदी पूरा कर रहा है। उन्होंने अखिलेश यादव और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा, बिहार और उत्तर प्रदेश में अपने आप को यदुवंशी कहने वाले नेताओं से मैं पूछना चाहता हूं कि अगर आप सच्चे यदुवंशी हैं तो आप भगवान श्रीकृष्ण और द्वारका का अपमान करने वालों के साथ कैसे बैठ सकते हैं। कैसे उनके साथ समझौता कर सकते हैं ?''

# इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ले जा रहा वाहन नदी में डूबा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**उत्तरी लखीमपुर (असम)/भाषा।** असम के लखीमपुर क्षेत्र में शुक्रवार को एक वाहन को लेकर जा रही नौका अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण बह गई, जिसके चलते उस वाहन में रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पानी में आंशिक रूप से डूब गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि वाहन का चालक और उसमें सवार चुनाव अधिकारी वाहन में पानी घुसने से पहले ही उसमें से निकल गए। अधिकारी ने कहा कि सुबह जब मतदान शुरू हुआ तो एक ईवीएम में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसे बदलने के लिए एक वाहन ईवीएम लेकर सादिया से अमरपुर इलाके में जा रहा था। सादिया में ठहरी एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम ने ईवीएम लेकर वाहन चालक और एक अधिकारी को रवाना किया था। अधिकारी ने बताया, जब एक नौका वाहन को लेकर देवपानी नदी से गुजर रही थी, तभी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया और तेज लहरें उठने लगीं। पानी की तेज लहरों में फंस कर नौका डूब गई और वाहन भी आंशिक रूप से डूब गया। उन्होंने कहा, वाहन को पानी से बाहर निकालने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल का एक दल भेजा गया। बदलने के लिए ले जाई जा रही ईवीएम को घटना में नुकसान पहुंचा।

# देश की आस्था, सुरक्षा और विकास से वंचित रखने वालों को एक-एक वोट के लिए है तरसाना : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बुलंदशहर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोगों से अपील की कि इस बार आस्था और सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों, विकास से वंचित रखने वालों, युवा पीढ़ी और अन्नदाता किसानों के साथ अन्याय करने वालों और बेटी-व्यापारी को डराने वालों को एक-एक वोट के लिए तरसा दीजिये।

उन्होंने लोगों से कहा, आप उन्हें बोल दीजिए कि जो देश, विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के बारे में सोचेगा, उसी को आप वोट देंगे। योगी आदित्यनाथ ने बुलंदशहर के शिकारपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। इस दौरान उन्होंने बुलंदशहर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ. भोला सिंह के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देश की अस्मिता को बचाने के लिए कई नारे दिए, जिसका कांग्रेस मजाक उड़ाया करती थी तथा सपा और बसपा कांग्रेस का समर्थन करती थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, बसपा और सपा देश की तमाम समस्याओं की जड़ है, जबकि भारतीय जनता पार्टी इन समस्याओं का समाधान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को अनुच्छेद 370 दिया, जबकि भाजपा ने इसे समाप्त करके आतंकवाद की ताबूत पर अंतिम कील ठोकने का काम किया है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब देश में विस्टोफ और आतंकवादी गतिविधियां नहीं होती हैं क्योंकि वे जानते हैं कि उनके साथ उनके आका को भी ठीक कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, ऐसे में इस बार आस्था और सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों, विकास से वंचित रखने वालों, युवा पीढ़ी और अन्नदाता किसानों के साथ अन्याय करने वालों और बेटी-व्यापारी को डराने वालों को एक-एक वोट के लिए तरसा दीजिये। आप उन्हें बोल दीजिये कि जो देश, विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के बारे में सोचेगा उसी को हम वोट देंगे। उन्होंने कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आज लोकसभा के चुनाव के प्रथम चरण का मतदान हो रहा है, जिसके परिणामों को लेकर हम निश्चिंत हैं।

इस भाव के साथ पूरा देश एक बार फिर से मोदी सरकार बनाने के लिए संकल्पित दिखायी दे रहा है। इसी के तहत दूसरे चरण के मतदान के लिए हम सभी से आह्वान करने आए हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को एक नई पहचान, दुनिया में सम्मान और आतंकवाद की समस्या से निजात दिलायी है, ऐसे में हमारा भी दायित्व है कि देश में तीसरी बार भी मोदी सरकार बने।

## असम में खराबी के कारण 150 ईवीएम को बदला गया: निर्वाचन अधिकारी

**गुवाहाटी/भाषा।** असम की पांच लोकसभा सीट पर कुल 150 पूर्ण इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) खराबी आने के कारण बदली गई। इन सीट पर शुक्रवार को मतदान किया जा रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसके अलावा, विभिन्न ईवीएम की वीवीपैट और मतपत्र इकाइयों को भी खराबी के कारण बदला गया। निर्वाचन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ज्यादातर गड़बड़ियां 'मॉक पोलिंग' के दौरान देखी गईं, जो वास्तविक मतदान शुरू होने से 90 मिनट पहले शुरू हुई थीं और इसके बाद उन मशीनों को बदल दिया गया था। उन्होंने कहा, वास्तविक मतदान शुरू होने के बाद छह ईवीएम को बदला गया। इसके अलावा, विभिन्न मतदान केंद्रों पर 40 और वीवीपैट बदले गए। ईवीएम में 3 घटक होते हैं-कंट्रोल यूनिट (सीयू), वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) और बैलेट यूनिट (बीयू)। अधिकारी ने हालांकि इस बारे में बताने से इनकार कर दिया कि किस निर्वाचन क्षेत्र में कितनी ईवीएम में खराबी आई।

## मणिपुर में कुछ स्थानों से गोलीबारी, धमकाए जाने की घटनाएं सामने आईं

**इंफाल/भाषा।** इनर मणिपुर निर्वाचन क्षेत्र में कम से कम दो स्थानों से धमकाए जाने और गोलीबारी की घटनाएं सामने आईं, जहां इस समय लोकसभा चुनाव के तहत मतदान जारी रहा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि बिष्णुपुर जिले के मोइरंग निर्वाचन क्षेत्र के थमनापोकपी में, हथियारबंद लोगों ने एक मतदान केंद्र के पास हवा में कई गोलियां चलाईं, जिससे मतदाता भाग गए। पुलिस ने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि अज्ञात हथियारबंद लोगों ने विभिन्न स्थानों पर एक विशेष राजनीतिक दल के चुनाव एजेंट को भी धमकाया और उन्हें मतदान केंद्र से चले जाने के लिए कहा। एक अधिकारी ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के उरीपोक और इरोइशेम्बा में हथियारबंद लोगों ने एक पार्टी के एजेंट को मतदान केंद्र परिसर छोड़ने के लिए कहा। अधिकारी ने कहा, धमकाए जाने से नाराज इरोइशेम्बा के मतदाता जबरदस्ती मतदान केंद्रों में घुस गए और चुनाव सामग्री और उपकरण नष्ट कर दिए।



## ईवीएम को लेकर आशंकाओं को खारिज करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा :

# मतदाताओं का वोट सुरक्षित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से जुड़ी आशंकाओं को खारिज करते हुए लोगों को विश्वास दिलाया कि उनका वोट सुरक्षित है।

कुमार ने कहा कि ईवीएम शत-प्रतिशत सुरक्षित हैं क्योंकि बड़ी मात्रा में तकनीकी, प्रशासनिक और प्रक्रियात्मक सुरक्षा मानक अपनाए गए हैं। उन्होंने ईवीएम पर संदेह जताए जाने संबंधी सवाल पर 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ये शत प्रतिशत सुरक्षित हैं। सम्माननीय अदालत में भी इस विषय को उठाया गया है। हम फैसले का इंतजार कर रहे हैं। मशीन में कुछ नहीं किया जा सकता। हर स्तर पर राजनीतिक दल और उनके उम्मीदवार शामिल रहते हैं। 'मॉक पोल' किए गए हैं।

सीईसी ने कहा, मतदान का आनंद लीजिए। यह मतदान का आनंद उठाने का समय है, किसी चीज पर संदेह करने का नहीं। कुमार ने कहा, आपका वोट सुरक्षित है और आपके वोट के तौर पर ही दर्ज होगा।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत शुक्रवार को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हो रहा है।

कुमार ने कहा, हमें खबरें मिल रही हैं कि बारिश होने के बावजूद लोग बड़ी संख्या में बाहर आ रहे हैं। महिलाएं, युवा, बुजुर्ग...सभी मतदान केंद्रों की ओर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने बेहतर मतदान प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए काफी हद तक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया है। कुमार अपने साथी निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और एस एस संधू के साथ यहां निर्वाचन आयोग मुख्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष से मतदान की प्रगति पर नजर रख रहे थे।

## केजरीवाल के खिलाफ रची जा रही साजिश, जेल में कुछ भी हो सकता है : संजय सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शुक्रवार को अपनी पार्टी का यह आरोप फिर से दोहराया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ गहरी साजिश रची जा रही है और जेल में उनके साथ कुछ भी हो सकता है।

यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सिंह ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 'तंत्र' किसी की हत्या करने के स्तर तक गिर सकता है।

संजय सिंह के आरोपों पर भाजपा ने तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। राज्यसभा सांसद ने केजरीवाल की बीमारी का 'मजाक उड़ाने' के लिए भाजपा नेताओं की आलोचना की।

साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के बारे में मीडिया के माध्यम से 'भ्रामक खबरें' फैलाई जा रही हैं। उन्होंने सवाल किया, यदि जेल के नियमों के अनुसार किसी कैदी की स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां साझा करने की इजाजत नहीं होती है तो ईडी ने बृहस्पतिवार को मीडिया में केजरीवाल का फर्जी आहार चार्ट क्यों साझा किया?''

संजय सिंह के आरोप पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सिंह ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि केजरीवाल न तो टूटेंगे और न ही झुकेंगे।




## अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पहली बार शोंपेन जनजाति के सात सदस्यों ने मतदान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पोर्ट ब्लेयर/भाषा।** अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पहली बार शोंपेन जनजाति के सात सदस्यों ने शुक्रवार को केंद्रशासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह जनजाति ग्रेटर निकोबार द्वीपसमूह का 'विशेष संवेदनशील जनजाति समूह' (पीवीटीजी) है।

शोंपेन जनजाति के सदस्यों ने न केवल वन कर्मचारी क्वार्टर के अंदर बने 'शोंपेन हट' नामक मतदान केंद्र 411 पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया, बल्कि उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए एक निर्दिष्ट 'कट-आउट' पर सेल्फी भी ली। शोंपेन जनजाति के सदस्यों की भाषा संबंधी मदद एक दुभाषिए ने की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी एस जगलान ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, पहली बार शोंपेन जनजाति के कुल सात सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पहले हमने उन्हें ईवीएम और वीवीपैट के बारे में प्रशिक्षण दिया। यह देखकर अच्छा लगा कि वे जंगल से बाहर आए और पहली बार उन्होंने मतदान किया। जनगणना 2011 के अनुसार शोंपेन जनजाति की आबादी 229 थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया, ओंगे और ग्रेट अंडमानीज जैसी दो अन्य आदिम जनजातियों ने भी 2019 के लोस चुनाव की तरह मतदान किया लेकिन शोंपेन जनजाति के कुल 98 मतदाताओं में से सात ने पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

## पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगा

**मुल्लांपुर/भाषा।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में पंजाब किंग्स पर नौ रन की रोमांचक जीत के दौरान धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव की 53 गेंदों में 78 रनों की धमाकेदार पारी की बदौलत सात विकेट पर 192 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने के बाद पंजाब किंग्स की पारी को 19.1 ओवर में 183 रन पर समेट दिया। आशुतोष शर्मा की 28 गेंदों में 61 और शशांक सिंह की 25 गेंद में 41 रन की पारी से पंजाब की टीम जीत के करीब पहुंचाया लेकिन टीम आखिरी ओवरों लक्ष्य से नौ रन दूर रह गई। आईपीएल से जारी विज्ञप्ति में शुक्रवार को कहा गया, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर 18 अप्रैल को मुल्लांपुर स्थित पीसीए के नए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने कहा, ''आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए पंड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# लोग चुनाव को लेकर बहुत उत्साहित नहीं हैं : किसान नेता नरेश टिकैत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुजफ्फरनगर (उप्र)/भाषा।** किसान नेता और भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने 400 का आंकड़ा पार करने के दावे को लेकर शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि लोग चुनाव को लेकर बहुत उत्साहित नहीं हैं। टिकैत ने पीटीआई वीडियो से कहा, अगर वे 400 कह रहे हैं, तो उन्हें चुनाव लड़ने की क्या ज़रूरत है?

ये खास बात है कि वे इसे पहले से ही मान कर चल रहे हैं। क्या उनके पास कोई ज्योतिषी है जिसने भविष्यवाणी की है कि यह होने वाला है। पहले चरण में शुक्रवार को मुजफ्फरनगर समेत पश्चिमी उप्र की आठ लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहा है। उन्होंने कहा, लोग वोट के जरिये अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं।



हालांकि मतदान की रफ्तार धीमी है और शाम तक ऐसा ही रहेगा। लोगों में अब कोई उत्साह नहीं है, उनका भ्रम टूट गया है। साथ ही, चुनाव कई चरणों में हो रहे हैं...चुनाव एक ही चरण में होने चाहिए और नतीजे तीसरे दिन घोषित किए जाने चाहिए और अगले चार-पांच दिनों में (नई सरकार का) शपथ ग्रहण होना चाहिए। टिकैत ने कहा, देश में आपातकाल जैसे हालात हैं। जनता के बीच इस तरह की बातें हैं। उन्होंने कहा, इस क्षेत्र के लोगों को गुलामी पसंद नहीं है। शायद कोई क्षेत्र, राज्य या सीट होगी जिन्हें गुलामी पसंद है। लोग वोट न देकर गुलामी का विरोध कर रहे हैं। किसान नेता ने कहा, बूथ कब्जाने का युग बीत चुका है...हर कोई मशीन के बारे में शिकायत कर रहा है तो फिर मतपत्रों के माध्यम से चुनाव क्यों नहीं कराए जा रहे हैं? 90-95 प्रतिशत लोग मशीन (ईवीएम) के खिलाफ हैं। यह एक मशीन है और इसमें छेड़छाड़ हो सकती है।

## विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के लिए ठोस नींव तैयार कर रहा है हॉकी इंडिया : भरत छेत्री



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के पूर्व गोलकीपर भरत छेत्री ने जमीनी स्तर पर ड्रैग फ्लिकरों और गोलकीपरों को तैयार करने पर जोर देने के लिए शुक्रवार को हॉकी इंडिया की तारीफ की। छेत्री समेत भारत के पूर्व गोलकीपर और ड्रैग फ्लिकर देश भर में राष्ट्रीय अकादमियों में तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का संचालन करेंगे। इनमें एड्रियन डिसूजा, योगिता बाली, हेलेन मेरी, दीपिका मूर्ति, आकाश चिकते और पीटी राव शामिल हैं। वहीं ड्रैग फ्लिकरों में रूपिंदर पाल सिंह, गुरजिंदर सिंह, वी आर रघुनाथ और जसप्रीत कौर का चयन किया गया है।

छेत्री ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, भारतीय हॉकी के भविष्य के लिए जमीनी स्तर पर निवेश बहुत जरूरी है। गोलकीपरों और ड्रैग फ्लिकरों के लिए विशेष ट्रेनिंग के जरिये हॉकी इंडिया इन भूमिकाओं के लिए विश्व स्तरीय प्रतिभाओं के उदय होने की ठोस नींव तैयार कर रहा है। हॉकी इंडिया राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग की भी शुरुआत कर रहा है जिसका पहला चरण 30 अप्रैल से नौ मई तक रांची में खेला जाएगा। इसके बारे में छेत्री ने कहा, यह भारतीय खेलों के लिए अहम पल है। घरेलू स्तर पर महिला खिलाड़ियों को इतना बड़ा मंच देकर हॉकी इंडिया अगली पीढी के सितारे तैयार कर रहा है। मुझे यकीन है कि यह लीग असंख्य लड़कियों को हॉकी स्टिक उठाने के लिए प्रेरित करेगी।

## सुविचार

**जिंदगी में परेशानी आने पर बेचैन होने से अच्छा, मन को शांत रखकर सोचे, तो हर परेशानी का हल निकलेगा।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# डीपफेक की खतरनाक डगर

सोशल मीडिया पर डीपफेक वीडियो का प्रसार विश्वसनीयता का संकट खड़ा कर सकता है। हाल में जिस तरह कुछ मशहूर लोगों के डीपफेक वीडियो वायरल हुए, जब तक उनकी असलियत सामने आई, उनसे कई लोग भ्रमित हो चुके थे। एआई जिस तरह शक्तिशाली होती जा रही है और आम लोगों तक उसकी पहुंच भी बढ़ रही है, उसको ध्यान में रखते हुए यह कहना ग़लत नहीं होगा कि भविष्य में डीपफेक वीडियो की तादाद काफी बढ़ सकती है। ऐसे वीडियो का इस्तेमाल आमजन में किसी विचार को स्थापित या मजबूत करने, लोगों को भ्रमित करने के लिए तो हो ही सकता है। इनसे अपराधों की गंभीरता में भी वृद्धि हो सकती है। भारत में मोबाइल फोन और इंटरनेट सेवाओं का बड़ा बाजार है। पिछले एक दशक में इंटरनेट की वजह से लोगों की ज़िंदगी में बड़े बदलाव आए हैं। लोगों की इंटरनेट तक पहुंच तो बढ़ी है, लेकिन जागरूकता का स्तर उतना नहीं बढ़ा। हाल में फिल्म अभिनेता आमिर खान का जो डीपफेक वीडियो सामने आया, उसे बहुत लोगों ने देखा और साझा किया था। वीडियो में आमिर की आवाज और हावभाव इतने असली लग रहे थे कि लोगों ने उसे सच मान लिया। यूं भी बहुत लोग इंटरनेट के जरिए आई हर चीज को सच मान लेते हैं! आश्चर्य की बात है कि उस वीडियो को कुछ ऐसे नेताओं ने भी साझा किया, जिनके बारे में आम धारणा है कि ये किसी चीज को बहुत देख-परखकर ही आगे बढ़ाते हैं। हालांकि बाद में आमिर खान ने उस वीडियो का खंडन करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई।

निस्संदेह एआई का उपयोग मानवता के कल्याण के लिए किया जाए तो यह बहुत बड़ा वरदान साबित हो सकती है, लेकिन इसके खतरे भी कम नहीं हैं। रश्मिका मंदाना, सचिन तेंदुलकर के बाद अब रणवीर सिंह का एक वीडियो डीपफेक के ऐसे खतरों का संकेत देता है। देश में साइबर ठगी के इतने मामले सामने आ रहे हैं, जिनसे हर साल आम जनता को करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है। वहीं, पुलिस और जांच एजेंसियों पर भी भार बढ़ता जा रहा है। अधिकारी आम जनता को जागरूक करने के लिए जो सुझाव देते हैं, उससे पहले ही साइबर अपराधी ठगी का दूसरा रास्ता निकाल लेते हैं। जब साइबर ठग एआई में महारत हासिल करने के बाद डीपफेक वीडियो बनाएंगे तो भारी नुकसान करेंगे। इससे आम लोगों की ज़िंदगीभर की कमाई मिनटों में लूटकर अपराधों को नए स्तर पर पहुंचाया जा सकता है। निश्चित रूप से साइबर अपराधी अभी इस फिराक में होंगे। ऐसे कुछ मामले सामने आ चुके हैं। इसके अलावा भारतविरोधी एजेंसियां इसका दुरुपयोग कर सकती हैं। ऐसे में सुरक्षा बलों से जुड़े कर्मियों को जरूर जागरूक करना चाहिए। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई 'हनीट्रैप' जैसे हथकंडों के लिए कुख्यात है। भारत में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जब आईएसआई की एजेंटों ने सोशल मीडिया पर खुद को भारतीय बताकर लोगों से राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी हासिल की। उनके निशाने पर आम लोगों से लेकर सुरक्षा बलों के जवान, उच्चाधिकारी और वैज्ञानिक तक थे। डीपफेक से हनीट्रैप का हथकंडा कालांतर में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। इससे शत्रु एजेंसियों का काम आसान हो जाएगा! अब तक हनीट्रैप के जो मामले सामने आए, उनमें शत्रु एजेंटों की भाषा, लहजे, पहनावे, परिवेश पर ध्यान दिया जाए तो उनकी असलियत का काफी हद तक अंदाजा लगाया जा सकता है। डीपफेक से यह बहुत मुश्किल हो जाएगा। इसलिए आधुनिक तकनीक के इस पक्ष को काफी गंभीरता से लेते हुए समयानुसार प्रासंगिक कदम जरूर उठाने चाहिएं।

## ट्वीटर टॉक



बीते 10 वर्षों के हमारे ट्रैक रिकॉर्ड को देखकर उत्तर प्रदेश की जनता इस बार भी जनसेवा को समर्पित भाजपा-एनडीए की मजबूत सरकार बनाने जा रही है। अमरोहा में अपने परिवारजनों का ये अपार स्नेह अविस्मरणीय रहेगा।

**-नरेन्द्र मोदी**



आज लोकसभा चुनाव- 2024 के प्रथम चरण के लिए मतदान कर रहे 21 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के 102 लोकसभा क्षेत्र के समस्त मतदाताओं विशेषकर युवा साथियों से अत्यधिक संख्या में मतदान करने की अपील करता हूँ। आपका प्रत्येक वोट बहुमूल्य है।

**-जेपी नड्डा**



आज लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश के 12 लोकसभा क्षेत्रों के माताओं, बहनों व भाइयों से देश को सशक्त, सुरक्षित, विरासतों पर गौरवान्वित व राष्ट्रनिर्माण को सर्वोपरि रखने वाली सरकार चुनने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का अपील करता हूँ।

**-अमित शाह**

## प्रेरक प्रसंग

# कर्तव्य से बढ़कर

एक दिन घनश्यामदास बिड़ला अपने घर से अपने कार्यालय जा रहे थे। जहां उन्हें एक महत्वपूर्ण व्यक्ति से मिलना था उन्हें देर हो चुकी थी। गाड़ी जब एक तालाब के पास से गुजर रही थी, तो वहां बहुत भीड़ इकट्ठी थी। उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवाकर वहां खड़े एक आदमी से पूछा क्यों भाई क्या बात है इतने लोग क्यों इकट्ठा हैं। उस आदमी ने बताया कि तालाब में एक बच्चा डूब गया है। घनश्यामदास बिड़ला गाड़ी से नीचे उतरे तो देखा कि सब बाहर खड़े होकर बचाओ-बचाओ तो चिल्ला रहे हैं। लेकिन कोई भी उस बच्चे को बचाने के लिए तालाब में नहीं कूद रहा है। यह देखकर घनश्यामदास बिड़ला जूते पहने ही तालाब में कूद गये, तैरकर बालक को पकड़ा और खींच कर उसे बाहर निकाल कर लाये। उसे अस्पताल ले कर गये जब डॉक्टर ने बच्चे की जांच कर बताया कि अब बच्चे की जान को कोई खतरा नहीं है, तब वे अपने कार्यालय गये। उनके भीगे कपड़े देखकर जब उनके कर्मचारियों ने पूछा तो घनश्यामदास बिड़ला ने तो कुछ नहीं बताया पर उनके ड्राइवर ने सब कुछ बता दिया। यह सुनकर कर्मचारियों ने उस लड़के की जान बचाने के लिए धन्यवाद दिया तो घनश्यामदास बिड़ला ने जवाब दिया इसमें धन्यवाद देने की जरूरत नहीं हैं ये तो हमारा कर्तव्य है।

## सामयिक

# आग बरसाता सूरज और आग उगल रहे नेता!

मनोज कुमार अग्रवाल
मोबाइल : 9219179431



अठारहवीं लोकसभा के लिए होने जा रहा आमचुनाव एक ओर पीक गर्मी के दिनों में संपन्न होने जा रहे हैं नेता तो एअरकंडीशन गाड़ियों में घूम रहे हैं लेकिन कार्यकर्ता और वोटर गर्मी में तप रहे हैं वहीं नेताओं के बिगड़े बोल तपिश और अधिक बढ़ा रहे हैं। हाल ही में जिस तरह राजद नेता तेजस्वी यादव की सभा में मौजूद किसी व्यक्ति ने मंच के सामने से चिराग पासवान की माता के लिए अपशब्दों के इस्तेमाल कर विडियो वायरल की वह राजनीति में आरही गिरावट को बताने के लिए पर्याप्त है। कभी खुद बेल पर चल रहे नेताओं की पार्टी की पुत्री प्रधानमंत्री को जेल में भेजने की बात कह रही है अभी तक के चुनावों में मौजूदा चुनाव सबसे अधिक खराब भाषा और व्यवहार वाले हैं। तमाम मर्यादा टूट रही हैं। वैसे तो हर चुनाव में नेताओं की जुबान लड़खड़ाती रही है, मगर बिहार में इस बार कुछ अधिक हो गया। लालू यादव की बेटी और पाटलिपुत्र से आरजेडी उम्मीदवार मीसा भारती ने सरकार बनने पर पीएम और मोदी को जेल भेजने की बात कही तो लालू ने संविधान और आरक्षण खत्म करने पर आंख निकालने की धमकी दी। लालू के परिवार के करीबी एमएलसी सुनील कुमार ने अपनी ही पार्टी की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य को जिताने के बदले हराने की अपील कर दी। कुछ की अनजाने में जुबान में फिसली तो कई ने जान-बूझकर शब्दों की न मर्यादा तोड़ी।यह बेजुबानी गर्मी और बढ़ा रही है।

आपको बता दें कि भारत में सियासी तापमान के साथ ही मौसमी तापमान भी तेजी से बढ़ने लगा है की शहरों इलाकों में तापमान 40 डिग्री छू रहा है वहीं उत्तर भारत के अनेक इलाकों में लू का प्रकोप शुरू हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में महाराष्ट्र, उत्तरी गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। उत्तर भारत में कुछ इलाकों में चिलचिलाती गरमी से राहत रहेगी, पर ज्यादातर इलाके दिन के समय तपेंगे। कुछ जगहों पर बादल भी छाए हैं, पर बादल के हटते ही तापमान के सभी जगह तेज होने का अनुमान है। बिहार के करीब एक दर्जन जिलों में लू का माहौल है, पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है। उत्तर प्रदेश के भी अनेक जिलों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने लगा है। तापमान या लू की चिंता इस साल इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि यह चुनावी समय है। बड़े पैमाने पर लोगों का आवागमन होगा और सभाओं का आयोजन होगा। अनेक जगहों पर हजारों लोगों की भीड़ जुटेगी और लोगों को परेशानी होगी। ऐसे में, अगर तापमान 40 या 45 के पार रहता है, तो संकट सताएगा। मौसम प्रतिकूल होने से चुनाव प्रचार के साथ ही मतदान प्रतिशत भी प्रभावित हो सकता है। वैसे यह कोई नई बात नहीं है, विगत दशकों से लोकसभा चुनाव मार्च-अप्रैल-मई में ही होते आए हैं, पर तापमान के मद्देनजर सभी को सावधान रहना होगा। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार, मई का महीना तपेगा। चिंता इसलिए भी ज्यादा है कि पिछला साल 2023 वर्ष 1901 के बाद सबसे गरम रहा था। क्या साल 2024 से हम राहत की उम्मीद कर सकते हैं? इस साल गरमियों में कुछ इलाकों में पारा 50 डिग्री सेल्सियस के पार भी जा सकता है। शहरों को विशेष रूप से जल की व्यवस्था दुरुस्त रखनी पड़ेगी। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान का अनुमान नहीं लगाया जा सकता, पर आने वाली बारिश का अनुमान मौसम विभाग ने लगा लिया है। इस साल जून और सितंबर के बीच सामान्य से अधिक मानसूनी बारिश होने की संभावना है। ध्यान रहे, पिछले वर्ष देश में सामान्य से कम बारिश हुई थी, इसलिए इस बार सामान्य से अधिक बारिश किसी खुशखबरी से कम नहीं है। पूर्वानुमान के अनुसार, देश भर में वर्षा की कुल मात्रा पांच प्रतिशत की त्रुटि आशंका के साथ लंबी अवधि के औसत का 106 प्रतिशत रहेगी। वैसे मई के अंत में मौसम विभाग बारिश से जुड़े सुनिश्चित अनुमान लगाने में सक्षम होगा। फिलहाल, समुद्री तापमान के ढर्रे में अपेक्षित बदलाव और उत्तरी गोलार्ध में बर्फ की मात्रा को देखते हुए सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान लगाया गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार अभी भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में मध्यम अल नीनो की स्थिति बनी हुई है। देश में सामान्य से अधिक मानसून की 31 प्रतिशत संभावना है, जबकि सामान्य से कम मानसून की 8 प्रतिशत संभावना है और कमजोर मानसून की केवल दो प्रतिशत संभावना जताई गई है। वास्तव में, हमें मौसम के बारे में समग्रता में सोचना चाहिए। ज्यादा गरमी भी ठीक नहीं और न ज्यादा बारिश, पर जलवायु परिवर्तन का जो हाल है, उसके अनुसार, हमें दोनों ही परिस्थितियों के लिए तैयार रहना चाहिए। साथ ही, एक बार जरूर सोचना चाहिए कि अत्यधिक तापमान या अत्यधिक बारिश की स्थिति से बचने के लिए हम क्या कर सकते हैं। चुनाव के समय में पर्यावरण या मौसम राजनीति का केंद्रीय विषय भले न बना हो,लोगों के लिए यह विषय महत्वपूर्ण होना चाहिए।

यहां यह भी गौरतलब है कि यदि गर्मी ने प्रचंड तेवर अपनाए तो इस का असर मतदान पर होना लाजिमी है। यहां यह भी गौर तलब है कि शहरी वोटर धूप गर्मी से बचने के लिए जाना जाता है यदि गर्मी के कारण वोटर कम निकला तो भाजपा को अधिक नुकसान हो सकता है क्योंकि शहरी वोटर गर्मी में मतदान करने के लिए कम निकलता है। यदि ऐसा होता है तो भाजपा के मतों का प्रतिशत कम हो सकता है। दरअसल भाजपा का वोटर शहरी अधिक है और शहरी मतदाता धूप में निकलने से बचता है। यदि प्रचंड गर्मी के मौसम की मार से आहत मतदाता मतदान के लिए बाहर नहीं निकला तो मतदान का प्रतिशत काफी कम रह सकता है थोडा सा कम मतदान तमाम पूर्वानुमान के आंकड़े बदल सकता है हार जीत के फैसले पर बहुत बड़ा असर डाल सकता है। हालांकि भाजपा इस खतरे को आंक चुकी है। हीटवेव के मुकाबले के लिए सरकारी स्तर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और तमाम राज्य सरकारों को एडवाइजरी जारी की गई है।

## मंथन

# विपक्ष फिर ईवीएम के डर से घबराया

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218

ईवीएम से छेड़छाड़ का मामला एक बार फिर देश की सर्वोच्च अदालत में पहुँच गया है। सर्वोच्च न्यायलय ने चुनावों में ईवीएम के डाटा से वीवीपीएटी पर्चियों के मिलान की मांग पर सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। न्यायालय ने कहा कि आप हर चीज पर अविश्वास नहीं जता सकते हैं। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने ईवीएम की आलोचना और मतपत्रों को वापस लाने का आह्वान करने के कदम पर नाखुशी जताई है। चुनाव आयोग की तरफ से वोटिंग मशीन से छेड़छाड़ की आशंका से साफ इनकार किया जाता रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा है कि उस आरोप की जांच की जाए जिसमें बताया गया है कि केरल में ईवीएम के मॉक ड्रिल के दौरान बीजेपी को अतिरिक्त वोट मिले थे। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच के सामने ईवीएम और वीवीपएटी के पर्ची के मिलान से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान यह मामला उठाया गया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने मामले में सुनवाई के दौरान मौखिक आदेश में चुनाव आयोग से कहा कि वह इस मामले में जो रिपोर्ट आई है उसे चेक करे। इसी बीच लोकसभा की 102 सीटों पर शुक्रवार को मतदान संपन्न हो गया। शेष सीटों पर चरणबद्ध मतदान संपन्न होगा। इसी के साथ ईवीएम को लेकर सियासत गर्माने लगी है। विशेषकर जब से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए 400 पार का नारा दिया है तब से विपक्ष की सिट्टी पिट्टी गुम हो रही है।

कांग्रेस के नेता ऊलजलूल बयान भी देने लगे है। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे कह रहे है मोदी जीता तो यह अंतिम चुनाव होगा। इंडिया गठबंधन के नाम से एकजुट हुआ विपक्ष लोकसभा चुनाव आते ही बिखरने लगा है। उसके घटक दल एक एक कर उसका साथ छोड़ने लगे है। मोदी के 400 पार के नारे को लेकर कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियां ईवीएम को लेकर संदेह व्यक्त करने लगी है। ऐसा लगता है विपक्ष को लोकसभा चुनाव में संभावित हार का डर सताने लगा है। इसलिए अभी से ईवीएम पर अंगुली उठाई जाने लगी है। यह स्थिति तो तब है जब भारत निर्वाचन आयोग सहित देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा ईवीएम को विधिमान्य ठहराया जा चुका है। विपक्षी नेताओं ने कहा है कि इंडिया गठबंधन की पार्टियां का मानना है कि ईवीएम की अखंडता पर कई संदेह है। हम मतपत्र प्रणाली के दोबारा इस्तेमाल की मांग करते हैं। इससे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होगा। लोगों में विश्वास बढ़ेगा। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल बैलट से चुनाव कराने की मांग कर रहे है। दिग्विजय सिंह सरीखे नेता तो खुलमखुला ईवीएम का विरोध करते है। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पांच राज्यों के आए नतीजों के बाद एक बार फिर से विपक्ष ने अपनी हार ठीकरा ईवीएम पर फोड़ा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव समेत तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं ने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए बैलेट से चुनाव कराने की मांग की है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार देश में ईवीएम के जरिए अलग-अलग राज्यों के 140 से ज्यादा विधानसभा चुनाव कराए जा चुके है। इनमें से करीब 33 चुनावों में अब तक कांग्रेस जीती है जबकि करीब 29 चुनाव भाजपा ने जीते है। भारत में पहली बार ईवीएम का प्रयोग 1982 में केरल से शुरू हुआ था। फिर 1999 में लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ स्थानों पर ईवीएम का इस्तेमाल किया गया। यानी 2004 के पहले तक ईवीएम और बैलेट दोनों से चुनाव कराया जाने लगा, लेकिन 2004 लोकसभा चुनाव का ईवीएम से कराया था। अब पूरे देश में ईवीएम के जरिए लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराए जा रहे हैं। 2004 से 2019 तक 4 लोकसभा चुनाव ईवीएम से हुए हैं। इसमें 2 बार कांग्रेस और 2 बार बीजेपी जीती है। भारत में अब प्रत्येक लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव में मतदान की प्रक्रिया पूरी तरह से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन द्वारा ही संपन्न होती है। पुराने कागजी मतपत्र प्रणाली की तुलना में ईवीएम के द्वारा वोट डालने और परिणामों की घोषणा करने में कम समय लगता है। भारत निर्वाचन आयोग के मुताबिक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) मतों को दर्ज करने का एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन दो इकाइयों से बनी होती हैं-एक कंट्रोल यूनिट और एक बैलेटिंग यूनिट-जो पाँच-मीटर केबल से जुड़ी होती हैं। नियंत्रण इकाई पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी के पास रखी जाती है और बैलेट यूनिट को मतदान कम्पार्टमेंट के अंदर रखा जाता है। मतपत्र जारी करने के बजाय, कंट्रोल यूनिट के प्रभारी मतदान अधिकारी कंट्रोल यूनिट पर मतपत्र बटन दबाकर एक मतपत्र जारी करेंगे। इससे मतदाता अपनी पसंद के अभ्यर्थी और प्रतीक के सामने बैलेट यूनिट पर नीले बटन को दबाकर अपना वोट डाल सकेगा।

## नजरिया

# भगवान महावीर हैं सार्वभौम धर्म के प्रणेता

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133

सदियों पहले महावीर जनमे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर का संपूर्ण जीवन स्व और पर के अभ्युदय की जीवंत प्रेरणा है। लाखों-लाखों लोगों को उन्होंने अपने आलोक से आलोकित किया है। वे सार्वभौम धर्म के प्रणेता थे, उनके मन में संपूर्ण प्राणिमात्र के प्रति सहअस्तित्व की भावना थी। इस वर्ष भगवान महावीर की 2550 वां निर्वाण महोत्सव मनाया जा रहा है, उनकी जन्म जयन्ती एवं निर्वाण महोत्सव न केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिये बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिये उन्नत जीवन का आधार है, निर्वाण महोत्सव का भव्य आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम सभागार में 21 अप्रैल, 2024 को चारों जैन सम्प्रदायों के आचार्यों, मुनिराजों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में करेंगे।



भगवान महावीर की मूल शिक्षा है- अहिंसा'। सबसे पहले अहिंसा परमो धर्मः' का प्रयोग हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के पावन ग्रंथ महाभारत' के अनुशासन पर्व में किया गया था। लेकिन इसको अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि दिलवायी भगवान महावीर ने। भगवान महावीर ने अपनी वाणी से और अपने स्वयं के जीवन से इसे वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ भगवान महावीर का नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। अहिंसा का सीधा-साधा अर्थ करें तो वह होगा कि व्यावहारिक जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं, किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें। आत्मानः प्रतिकूलानि परेषाम न समाचरेत्'' इस भावना के अनुसार दूसरे व्यक्तियों से ऐसा व्यवहार करें जैसा कि हम उनसे अपने लिए अपेक्षा करते हैं। इतना ही नहीं सभी जीव-जन्तुओं के प्रति अर्थात पूरे प्राणी मात्र के प्रति अहिंसा की भावना रखकर किसी प्राणी की अपने स्वार्थ व जीभ के स्वाद आदि के लिए हत्या न तो करें और न ही करवाएं और हत्या से उत्पन्न वस्तुओं का भी उपभोग नहीं करें। एक बार महावीर और उनका शिष्य गोशालक एक घने जंगल में विचरण कर रहे थे। जैसे ही दोनों एक पौधे के पास से गुजर रहे थे। शिष्य से दुश्मन बन चुके गोशालक ने महावीर से कहा, यह पौधा देखिए, क्या सोचते हैं आप, इसमें फूल लगेंगे या नहीं लगेंगे? महावीर आंख बंद करके उस पौधे के पास खड़े हो गए, और कुछ देर बाद आंखें खोलते हुए उन्होंने कहा, फूल लगेंगे। गोशालक ने महावीर का कहा सत्य न हो, इसलिये तत्काल पौधे को उखाड़ कर फेंक दिया, और जोर-जोर से हंसने लगा। महावीर उसे देखकर मुस्कराए। सात दिन बाद दोनों उसी रास्ते से लौट रहे थे। जैसे ही दोनों उस जगह पहुंचे, जहां गोशालक ने पौधा उखाड़ा था, उन्होंने देखा कि वह पौधा खड़ा है। इस बीच तेज वर्षा हुई थी, उसकी जड़ों को वापस जमीन ने पकड़ लिया, इसलिए वह पौधा खड़ा हो गया था। महावीर फिर आंख बंद करके उसके पास खड़े हो गए। पौधे को खड़ा देखकर गोशालक बहुत परेशान हुआ। गोशालक की उस पौधे को दोबारा उखाड़ फेंकने की हिम्मत न पड़ी। महावीर हंसते हुए आगे बढ़े। गोशालक ने इस बार हंसी का कारण जानने के लिए उनसे पूछा, आपने क्या देखा कि मैं फिर उसे उखाड़ फेंकूगा या नहीं? तब महावीर ने कहा, यह सोचना व्यर्थ है। अनिवार्य यह है कि यह पौधा अभी जीना चाहता है, इसमें जीने की ऊर्जा है, और जिजीविषा है। तुम इसे दुबारा उखाड़ फेंक सकते हो या नहीं-यह तुम पर निर्भर है। लेकिन पौधा जीना चाहता है, यह महत्वपूर्ण है। तुम पौधे से कमजोर सिद्ध हुए और हार गए। और जीवन हमेशा ही जीतता है। जीवन में आने वाली मुश्किलों का सामना करने के लिए जरूरी है, आशावादी रहना। भगवान महावीर का जन्म दिवस एक दस्तक है। उन्होंने बाहरी लड़ाई को मूल्य नहीं दिया, बल्कि स्व कर सुरक्षा में आत्म-युद्ध को जरूरी बतलाया। उन्होंने जो कहा, सत्य को उपलब्ध कर कहा। उन्होंने सबके अस्तित्व को स्वीकृति दी। 'णो हीणे णो अइरित्ते'-उनकी नजर में न कोई ऊंचा था, न कोई नीचा। उनका अहिंसक मन कभी किसी के सुख में व्यवधान नहीं बना। उन्होंने अपने होने का अहसास जगाकर अहं को खड़ा नहीं होने दिया। इसीलिये उनकी शिक्षाओं एवं उपदेशों का हमारे जीवन और विशेषकर व्यावहारिक जीवन में विशेष महत्व है। हम अपने जीवन को उनकी शिक्षाओं के अनुरूप ढाल सकें, यह अधिक आवश्यक है लेकिन इस विषय पर प्रायः सन्नाटा देखने को मिलता है। हम महावीर को केवल पूजते हैं, जीवन में धारण नहीं करते हैं। हम केवल कर्मकाण्ड और पूजा विधि में ही लगे रहते हैं। महावीर का यह संदेश जन-जन के लिये सीख बने पुरुष! तू स्वयं अपना भाग्यविधाता है।' औरों के सहारे मुकाम तक पहुंच भी गए तो क्या? इस तरह की मंजिलें स्थायी नहीं होती और न इस तरह का समाधान कारगर होता है। भगवान महावीर कितना सरल किन्तु सटीक कहा हैं- सुख सबको प्रिय है, दुःख अप्रिय। सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता। हम जैसा व्यवहार स्वयं के प्रति चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार दूसरों के प्रति भी करें। यही मानवता है और मानवता का आधार भी। मानवता बचाने में है, मारने में नहीं। किसी भी मानव, पशु-पक्षी या प्राणी को मारना, काटना या प्रताड़ित करना स्पष्टतः अमानवीय है, क्रूरतापूर्ण है। हिंसा-हत्या और खून-खच्चर का मानवीय मूल्यों से कभी कोई सरोकार नहीं हो सकता। मूल्यों का सम्बन्ध तो जियो और जीने दो' जैसे सरल श्रेष्ठ उद्घोष से है।

एक और महत्वपूर्ण प्रश्न है, क्या सुख को स्थायी बनाया जा सकता है? क्या दुःख को समाप्त किया जा सकता है? इसका सीधा उत्तर होगा कि भौतिक जगत में ऐसा होना कभी संभव नहीं है। जब तक भौतिक जगत में जीएंगे तब तक यह स्वप्न लेना दिवास्वप्न है, कल्पना करना आकाश कुसुम जैसा है। आकाश में कभी फूल नहीं लगता। यह असंभव बात है कि इंद्रिय जगत में आदमी जीए और वह सुख या दुःख एक का ही अनुभव करे, यह द्वंद्व बराबर चलता रहेगा। तब व्यक्ति के मन में एक जिज्ञासा पैदा होती है कि ऐसा कोई उपाय है जिससे सुख को स्थायी बनाया जा सके? इसका समाधान है स्वयं का स्वयं से साक्षात्कार। इसके लिये जरूरी है हर क्षण को जागरूकता से जीना। उसको जीने के लिये भगवान महावीर ने कहा था-'खणं जाणाहि पंडिए', जो क्षण को जानता है, वह सुख और दुःख के निमित्त को जानता है। आज मनुष्य जिन समस्याओं से और जिन जटिल परिस्थितियों से घिरा हुआ है उन सबका समाधान महावीर के दर्शन और सिद्धांतों में समाहित है। जरूरी है कि हम महावीर ने जो उपदेश दिये उन्हें जीवन और आचरण में उतारें। हर व्यक्ति महावीर बनने की तैयारी करे, तभी समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है। महावीर वही व्यक्ति बन सकता है जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी समता एवं संतुलन स्थापित रख सके, जो मौन की साधना और शरीर को तपाने के लिए तत्पर हो। जो पुरुषार्थ के द्वारा न केवल अपना भाग्य बदलना जानता हो, बल्कि संपूर्ण मानवता के उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना रखता हो। भगवान महावीर का संपूर्ण जीवन तप और ध्यान की पराकाष्ठा है इसलिए वह स्वतः प्रेरणादायी है। उनके उपदेश जीवनस्पर्शी हैं जिनमें जीवन की समस्याओं का समाधान निहित है। वे चिन्मय दीपक हैं, जो अज्ञान रूपी अंधकार को हरता है। वे सचमुच प्रकाश के तेजस्वी पुंज और सार्वभौम धर्म के प्रणेता हैं। वे इस सृष्टि के मानव-मन के दुःख-विमोचक हैं। पदार्थ के अभाव से उत्पन्न दुःख को सद्भाव से मिटाया जा सकता है, श्रम से मिटाया जा सकता है किंतु पदार्थ की आसक्ति से उत्पन्न दुख को कैसे मिटाया जाए? इसके लिए महावीर के दर्शन की अत्यंत उपादेयता है।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

नामांकन



सिकंदराबाद से भाजपा उम्मीदवार जी . किशन रेड्डी पार्टी नेताओं के साथ शुक्रवार को सिकंदराबाद के मेहबूब कॉलेज में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने जाते हुए।

# कराची में आत्मघाती हमले में बाल-बाल बचे पांच जापानी नागरिक

कराची/दक्षिण भारत। पाकिस्तान में सिंध प्रांत के कराची में शुक्रवार को जापान के पांच नागरिक आतंकवादियों के आत्मघाती हमले में बाल–बाल बच गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। 'सुजुकी मोटर्स' के लिए काम कर रहे पांच जापानी नागरिकों की वैन को एक आत्मघाती हमलावर और एक बंदूकधारी ने निशाना बनाया। यह देश में विदेशी नागरिकों पर हमले की ताजा घटना है। उप महानिरीक्षक (पूर्व) अजफर महेसर ने बताया कि आतंकवादी पहले से ही लांधी में मुर्तजा चोरंगी के पास सड़क पर वैन का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स के लिए काम करने वाले जापानी नागरिकों को ले जा रहे वाहन को टक्कर मारने का प्रयास किया।

उप महानिरीक्षक महेसर ने कहा, सभी पांचों जापानी नागरिक सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया, जापानी नागरिक जमजमा, क्लिफ्टन में अपने निवास से 'निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र' जा रहे थे। जिन्ना अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि तीन लोगों को गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया है। 'जियो न्यूज' ने अस्पताल प्रशासन के हवाले से बताया कि घायलों में से एक, 45 वर्षीय सुरक्षा गार्ड ने दम तोड़ दिया, जबकि एक अन्य घायल को वेंटिलेटर पर रखा गया है। प्रशासन ने बताया कि एक अन्य घायल व्यक्ति का अस्पताल में इलाज जारी है। जिन्ना अस्पताल के आपातकालीन प्रभारी नोशीन ने पुष्टि की कि दुर्घटना में कोई विदेशी नागरिक घायल नहीं हुआ है। तोक्यो में, जापानी मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने बताया कि इस घटना में कई जापानियों को निशाना बनाया गया और उनमें से एक घायल हुआ है। 'क्योदो' समाचार एजेंसी ने बताया कि पाकिस्तानी पक्ष ने इस जानकारी की पुष्टि नहीं की है। आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) प्रभारी रजा उमर खत्ताब ने बताया कि जापानी नागरिक तीन कारों के काफिले में यात्रा कर रहे थे। उन्होंने कहा, आत्मघाती हमलावर और उसका साथी पहले से ही इलाके में मौजूद थे।

## यूक्रेन ने एक रूसी बमवर्षक विमान को मार गिराने का दावा किया

कीव (यूक्रेन)। यूक्रेन की वायुसेना ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने एक रूसी बमवर्षक विमान को मार गिराया है। दूसरी ओर रूस के अधिकारियों ने दावा किया कि विमान एक लड़ाकू मिशन के बाद खराबी के कारण कम आबादी वाले इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। किसी भी दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। दो साल से अधिक समय के युद्ध के दौरान रूसी युद्धक विमानों को मार गिराने संबंधी यूक्रेन के पिछले दावों का रूस ने खंडन किया है। इस बीच, स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि रूसी मिसाइल से यूक्रेन के मध्य निप्रो क्षेत्र के शहरों पर हमला किया गया, जिसमें आठ वर्षीय एक लड़की सहित आठ लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गये। यूक्रेन ने कहा कि वायुसेना और सैन्य खुफिया विभाग ने विमान भेदी मिसाइल के जरिये टीयू–22एम3 बमवर्षक को मार गिराने में सहयोग किया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि युद्धक विमान यूक्रेनी सीमा से सैकड़ों किलोमीटर (मील) दूर स्टावरोपोल के दक्षिणी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मंत्रालय के अनुसार, चालक दल के तीन सदस्यों को विमान से बाहर निकलने के बाद बचा लिया गया और चौथे की तलाश की जा रही है। स्टावरोपोल के गवर्नर व्लादिमीर व्लादिमीरोव ने हालांकि कहा कि बचाए गए पायलटों में से एक की मौत हो गई।



# कांग्रेस अपनी प्रासंगिकता खो चुकी है : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अपनी प्रासंगिकता खो चुकी है और भाजपा राष्ट्र निर्माण के लिए राजनीति करती है, न कि महज सत्ता पाने के लिए। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी के लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले पार्टी की एक सभा को संबोधित करते हुए सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान अर्थव्यवस्था के संबंध में सब कुछ अच्छा दिखाने का दबाव होता था। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हस्तक्षेप के कारण रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध चार घंटे से अधिक समय तक रुका रहा ताकि भारत अपने नागरिकों को निकाल सके। सिंह ने कहा, मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेस पूरी तरह अप्रासंगिक हो चुकी है। कांग्रेस भारतीय राजनीति में लगातार अपनी प्रासंगिकता खो रही है। कांग्रेस तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त है। जब राजनीति की बात आती है तो भाजपा जाति, पंथ और धर्म के नाम पर नहीं, बल्कि न्याय और मानवता के आधार पर सियासत करती है। उन्होंने कहा, जहां तक भाजपा की बात है, हम महज सरकार बनाने के लिए राजनीति नहीं करते। हमारी पार्टी राष्ट्र निर्माण के लिए राजनीति करती है। उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए दावा किया कि मोदी के नेतृत्व में देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। उन्होंने लोगों से सिकंदराबाद में किशन रेड्डी और मल्काजगिरि में एटला राजेंदर के लिए वोट करने और उन्हें भारी अंतर से जिताने का आग्रह किया। बाद में भाजपा उम्मीदवार टी. विनोद राव के नामांकन दाखिल करने से पहले राजनाथ सिंह ने यहां से लगभग 200 किलोमीटर दूर खम्मम में एक रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा, इस बार अगर भाजपा केंद्र में फिर से सत्ता में आई तो वह देश में समान नागरिक संहिता लागू करेगी।



# 'दबंगी मुलगी आई रे आई' में दोहरा चरित्र निभाना चुनौतीपूर्ण रहा : राहुल सुधीर

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेता राहुल सुधीर का कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो 'दबंगी – मुलगी आई रे आई' में युग के रूप में एक जासूस की भूमिका को अपनाना और एकलव्य के रूप में बेस्टफ्रेंड के उत्साह को प्रदर्शित करना उनके लिये उत्साहजनक चुनौती रही है। शो दबंगी – मुलगी आई रे आई एक वयस्क आर्या (रचना मिस्त्री) के सफर से लगातार दर्शकों का दिल जीत रहा है, जहां आर्या अपने जन्मदाता पिता, सत्या (आमिर दलवी) से उसके परिवार को बर्बाद करने का बदला लेना चाहती है। आर्या का संकल्प और मजबूत हो गया है क्योंकि अंकुश (मानव गोहिल) वापस आ गया है, और उसे अपने बचपन का दोस्त, एकलव्य भी मिल गया है, जो अब सत्या के गलत कामों को उजागर करने के लिए अंडरकवर जासूस, युग (राहुल सुधीर) के रूप में काम कर रहा है। जारी कहानी में, अंकुश सत्या के करीब आने के लिए आर्या का इस्तेमाल करता है, और उससे कहता है कि युग को यह न पता चले कि वह जीवित है। दूसरी ओर, सत्या की अवैध गतिविधियों को उजागर करने में आर्या की मदद करने की कोशिश कर रहे, युग को लगता है कि आर्या उससे कुछ छिपा रही है। इन सबके बीच, आर्या खुद को अंकुश के प्रति अपनी निष्ठा और अपने बचपन के दोस्त एकलव्य उर्फ युग के साथ अपने नए रिश्ते को बचाने के बीच फंसा हुआ पाती है।

राहुल सुधीर ने युग के रूप में दोहरी भूमिका निभाने के अपने अनुभव के बताया,युग के रूप में एक जासूस की भूमिका को अपनाना और एकलव्य के रूप में बेस्टफ्रेंड के उत्साह को प्रदर्शित करना मेरे लिए उत्साहजनक चुनौती रही है, और इसने मुझे उस ग्रे किरदार की छवि से बाहर आने में मदद की है जिसे मैंने अपनी पिछली भूमिकाओं से स्थापित किया है। किसी जासूस की भूमिका निभाने के लिए कई बारीक बातों पर सावधानीपूर्वक ध्यान देने, धोखे और सच के बीच निरंतर संतुलन बनाने, और सही बात की रक्षा करने के लिए अटूट दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है।

एक तरफ, युग जासूस के रूप में अपना कर्तव्य निभा रहा है, सत्या के सभी गलत कामों का खुलासा कर रहा है और दूसरी तरफ, वह सत्या और उसके साम्राज्य को खत्म करने में आर्या की मदद करके, एकलव्य के रूप में उसके बेस्टफ्रेंड का दायित्व निभाने की कोशिश कर रहा है। यह किरदारों और मेरे दोनों के लिए खुद को जानने का सफर है, जहां किरदार रहस्यों और अनिश्चितताओं के कई पहलुओं से गुज़रता है, और स्क्रीन पर ऐसी बहुमुखी भूमिका को निभाने की सुंदरता इसी में निहित है। दबंगी मुलगी आई रे आई हर सोमवार से शुक्रवार रात 8:00 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर प्रसारित होता है।

# इजराइल ने ईरान पर ड्रोन हमले के बारे में अमेरिका को आखिरी क्षणों में सूचना दी : एंटोनियो ताजानी

कैप्री (इटली)। अमेरिका ने जी–7 समूह के विदेश मंत्रियों से शुक्रवार को कहा कि ईरान में ड्रोन हमले के बारे में इजराइल से उसे आखिरी क्षणों में सूचना मिली। इटली के मंत्री ने यह जानकारी दी। इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि अमेरिका ने समूह के सदस्य देशों की बैठक में, शुक्रवार सुबह के सत्र में यह सूचना दी। संदिग्ध हमले से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा करने के लिए सत्र का एजेंडा अंतिम क्षणों में बदल दिया गया। ताजानी ने कहा कि अमेरिका ने जी–7 देशों के विदेश मंत्रियों को बताया कि उसे ड्रोन के बारे में इजराइल ने आखिरी क्षणों में सूचित किया। उन्होंने कहा, लेकिन अमेरिका इस हमले में शामिल नहीं है। उसे महज इसकी सूचना मिली थी।



# फिल्म लगन पत्रिका का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

रंजीत सिंह फिल्म क्रिएशन प्रस्तुत यू ए प्रोडक्शन एंड एंटरटेनमेंट हाउस की फिल्म लगन पत्रिका का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। फिल्म लगन पत्रिका के फर्स्ट लुक में अभिनेता विमल पांडेय हाथों में बांसुरी लिए नज़र आ रहे हैं, जबकि अभिनेत्री मणि भट्टाचार्य उनके पास खड़ी हैं।इस फिल्म के निर्माता शैलेन्द्र नागपाल हैं, जबकि निर्देशक आनंद सिंह हैं। फिल्म को लेकर आनंद सिंह ने बताया कि यह एक फ्रेश कहानी वाली फिल्म है, दर्शक इस फिल्म से खुद को कनेक्ट कर पायेंगे। फिल्म की भव्यता इसमें और चार चांद लगाने वाली होगी। यह एक बेहतरीन पारिवारिक फिल्म है, इसके लिए हमने शुरुआत से काफी मेहनत की है, इसलिए मेरा मानना है कि जब यह बड़े पर्दे पर आएगी तो लोग इस फिल्म की सराहना करेंगे। हमारी कोशिश ये रही है कि हम भोजपुरी सिनेमा की बेहतरी के लिए एक उम्दा फिल्म बनायें। इस फिल्म के गीत–संगीत और संवाद भी रोचक हैं। विमल पांडेय ने कहा कि मेरे लिए यह फिल्म काफी महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि इसमें मेरा किरदार दर्शकों को खूब पसंद आने वाला है। मेरी कोशिश रहती है कि मैं हर तरह के किरदार को पर्दे पर जियूं. उस कड़ी में यह फिल्म भी है फिल्म लगत पत्रिका में विमल पांडे और मणि भट्टाचार्य के साथ प्रियांशु सिंह, बालेश्वर सिंह, सीपी भट्ट, अनुप अरोरा, नीलम पांडे, सोनिया मिश्रा, रूपा सिंह, प्रदीप देव, शिवा शर्मा मुख्य भूमिका में हैं।संगीतकार साजन मिश्रा और सावन हैं। लेखक मनोज पांडेय ,गीतकार राजेश मिश्र,डीओपी डी के शर्मा हैं। एक्शन दिनेश यादव का है।

# 'हीरामंडी' प्रोमो में वहीदा के रूप में संजीदा शेख ने अपनी सुंदरता से किया मंत्रमुग्ध

मुंबई/एजेन्सी

संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' के निर्माताओं ने शुक्रवार को वहीदा के रूप में संजीदा शेख के चरित्र का प्रोमो जारी किया। नया रिलीज किया गया वीडियो दर्शकों को वहीदा के रहस्यमय और मनमोहक चरित्र को गहराई से जानने का मौका देता है। संजीदा द्वारा निभाए गए वहीदा के किरदार को अद्वितीय सुंदरता और दिव्य आवाज वाली महिला के रूप में दिखाया गया है। हालांकि, उसके जीवन में एक दुखद मोड़ आता है जब उसे एक ऐसी घटना का अनुभव होता है जो उसे जीवन भर के लिए आहत कर देती है। अपनी उत्कृष्ट उपस्थिति, सुंदर नृत्य मुद्राओं और उर्दू में निपुणता के साथ, संजीदा 'हीरामंडी' की महान रचना की दुनिया में सहजता से फिट बैठती हैं।



सीरीज के प्रोमो में संजीदा को काले रंग का कढ़ाई वाला लहंगा पहने दिखाया गया है। वह कहती नजर आ रही हैं, मेरी आवाज बेजोड़ थी, मेरी सुंदरता भी बेजोड़ थी। हर दर्पण वहीदा की एक झलक के लिए तरसता था। लेकिन मुझे नहीं पता था कि एक भी निशान मेरी किस्मत पर हमेशा के लिए दाग लगा देगा। पोस्ट को कैप्शन दिया गया , किस्मत ने धोखा दिया गया और उसे चुप करा दिया, वहीदा सुंदरता से परे मुक्ति की तलाश में है... संजीदा शेख ने वहीदा की भूमिका निभाई है।

इस साल की शुरुआत में 'फाइटर' में नजर आने वाली संजीदा अब संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी' में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही हैं। यह सीरीज दर्शकों को 1940 के दशक में ले जाती है, जिसमें प्रेम, विश्वासघात, शक्ति और स्वतंत्रता के संघर्ष से भरी वेश्याओं के जीवन की झलक मिलती है। सीरीज में संजीदा के साथ–साथ सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, अदिति राव हैदरी और शर्मिन सहगल मुख्य भूमिका में हैं। 'हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार' का प्रीमियर एक मई को नेटफ्लिक्स पर होगा।



# 'फुर्तीले' की स्टार कास्ट ने दिल्ली में मचाया धमाल

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री अमायरा दस्तूर और पंजाबी सिंगर एवं अभिनेता जस्सी गिल की पंजाबी फिल्म 'फुर्तीला' 26 अप्रैल को रिलीज हो रही है। इस फिल्म के निर्माता अमर हुंडल है। फुर्तीला के प्रमोशन के लिए फिल्म की स्टारकास्ट शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंची। अभिनेता जस्सी गिल और अभिनेत्री अमायरा दस्तूर टैक्निया कॉलेज पहुंची जहां स्टूडेंटस ने फिल्म का पोस्टर हाथों में लेकर एवं फुर्तीला की टी–शर्ट पहनकर उनका स्वागत किया। फुर्तीला की स्टार कास्ट आज दिल्ली राइटस से रूबरू होने के लिए शहर के अलग अलग स्थानों पर फिल्म का प्रमोशन करती दिखाई दी। जहां इस फिल्म के मुख्य कलाकार जस्सी गिल और अमायरा दस्तूर मौजूद रहे। स्टार कास्ट ने यहां टैक्निया कॉलेज के ऑडिटोरियम में लाइव परफॉर्मेंस दी। जस्सी गिल ने अपनी आने वाली फिल्म के गाने ' सूरज', मैं कंवळा, ओ स्याणी है तां की होया., प्यार चे हां., हाल पुच्छी दा और रब्बा. पर प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। जस्सी गिल के डांस मूव्स पर युवा जमकर थिरके। अमायरा केशव महाविद्यालय में स्टार कास्ट फिल्म प्रमोशन के साथ साथ लोगों से बातचीत करती भी नजर आई।

इस दौरान जस्सी गिल ने मीडिया से फिल्म के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा पंजाब से जुड़ी अनूठी कहानियों को करने के लिए तैयार रहता हूं। उन्होंने कहा कि मैं कॉमेडी फिल्म करना चाहता था, जिसमें रोमांटिक एंगल भी हो और अच्छी तरह से उकेरे गए किरदार पेश किए हों, इस फिल्म में यह सब कुछ है।

अभिनेता एवं गायक जस्सी ने कहा जहां तक अमायरा की बात है उनके साथ यह फिल्म मेरे लिए खास है। हालांकि इससे पहले पंजाबी फिल्मों 'एनी हाउ मिट्टी पाओ' और 'चिड़ियां दा चंबा' में काम किया है। अमायरा ने फिल्म निर्माता अमर हुंदल और सह–अभिनेता जस्सी गिल के साथ शूटिंग के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि अन्य दो फिल्में बाद में शुरू हुईं, लेकिन फुर्तीला से पहले रिलीज़ हुईं। मजेदार कॉमेडी से भरपूर अमर हुंदल द्वारा निर्देशित एवं लिखित फिल्म 'फुर्तीला' एक कॉलेज प्रेम कहानी है और कास्टिंग एकदम सही है।

फिल्म में फुर्तीला यानी जस्सी गिल की हरकतों की वजह से जाना जाता है। 'फुर्तीला' भावनाओं के रोलरकोस्टर का अनुभव कराती एक नाटकीय कॉलेज प्रेम कहानी है जो प्यार, दिल टूटने और आत्म–खोज की यात्रा की पड़ताल करती है। फिल्म देखकर लोग हंस–हंसकर लोटपोट होंगे। फिल्म के डायलॉग गुरदीप मनालिया और रेयान खान ने लिखे हैं। इस फिल्म में मुख्य कलाकार जस्सी गिल, अमायरा दस्तूर के अलावा बलविंदर, हनी मट्टू, नवी और अन्य प्रतिभाओं की विशेषता वाले बेहद दमदार कालाकार हैं।

# अपूर्वा अरोड़ा ने 'फैमिली आज कल' के लिए चुना नो मेकअप लुक

मुंबई/एजेन्सी



अभिनेत्री अपूर्वा अरोड़ा ने सीरीज फैमिली आज कल के लिये नो–मेकअप लुक अपनाया था। अपूर्वा अरोड़ा को स्ट्रीमिंग सीरीज़ 'फैमिली आज कल' में अपने काम के लिए काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने बताया है कि उन्होंने इस शो के लिए नो–मेकअप लुक अपनाया था। उन्होंने कहा कि नो–मेकअप लुक अपनाने का निर्णय आखिरी मिनट की बात थी और इसकी योजना नहीं बनाई गई थी।बिना मेकअप के रहना मेरे लिए आखिरी मिनट का फ़ैसला था। वास्तव में, मैंने शूटिंग के पहले दिन अपना मेकअप पूरा करने के बाद हटा दिया, क्योंकि मेकअप करना मेहर के जैसा नहीं लग रहा था। मैंने निर्देशक से बात की और उनसे पूछा कि क्या वे मुझे बिना मेकअप के जाने की अनुमति देंगे।बहुत सारे लोग मेरे पास आए और कहा कि यह मेरा अब तक का सबसे अच्छा काम है और शायद मेरा सबसे परिपक्व अभिनय प्रदर्शन है ,क्योंकि इसे बहुत ही रूढ़िवादी तरीके से निभाना बहुत आसान है। जब यह किरदार एक मध्यम वर्गीय परिवार की बेटी के बारे में है, तो मुझे कई लोगों से यही प्रतिक्रिया मिली है।मैंने मेहर बनने के रास्ते में घमंड को आड़े नहीं आने दिया और घर से बाहर निकलने तक मैंने कोई मेकअप नहीं किया है,जिसकी वास्तव में सराहना की गई और कई लोगों ने इसकी सराहना की।

# आदित्य धर और आदित्य सुहास जांभले बनाएंगे फिल्म 'बारामुला'

मुंबई/एजेन्सी

फिल्म आर्टिकल 370 की निर्माता–निर्देशक जोड़ी आदित्य धर और आदित्य सुहास जांभले अब कश्मीर की कहानी पर आधारित 'बारामुला' बनाने जा रहे हैं। आदित्य धर और आदित्य सुहास जांभले ने आर्टिकल 370 से पहले फिल्म बारामुला पर काम शुरू किया था। हालांकि आर्टिकल 370 पहले बनकर तैयार हो गई। आदित्य धर और आदित्य सुहास जांभले अब फिल्म बारमुला को लेकर आना चाहते हैं जिसके लिए दोनों ने पूरी तैयारी भी कर ली है। आर्टिकल 370 की तरह इस फिल्म की कहानी भी कश्मीर पर अधारित है। निर्देशक आदित्य सुहास जांभले ने बताया,एक दो महीने में हम कश्मीर की पृष्ठभूमि पर बनी सुपरनैचुरल फिल्म बारामुला की रिलीज की घोषणा करेंगे। फिलहाल विजुअल इफेक्टस पर काम चल रहा है।'यह फिल्म मैंने खुद लिखी है। फिल्म में मानव कौल डीएसपी की भूमिका में होंगे। आदित्य धर के साथ आदित्य सुहास अपनी तीसरी फिल्म भी करने वाले हैं। उन्होंने बताया कि इस एक्शन थ्रिलर फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। फिल्म गोवा पर आधारित होगी। दो महीने में स्क्रिप्ट फाइनल होगी, तो शूटिंग शुरू करेंगे।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

शक्ति सम्पन्न बनने के लिए साधना जरूरी है, साधना के लिए सरलता, विनम्रता चाहिए। अटूट श्रद्धा, एकाग्रता, स्थिरता, नियमितता होने से मंत्र को साधा जा सकता है। मानसिक, शारिरिक, भावनात्मक शांति में मंत्र उपयोगी साधन बनता है। श्रावक समाज को नेम और प्रेम की बनिस्पत संघ और संघपति की सेवा में सलग्न बनना चाहिए। थीटा, बीटा आध्यात्मिक मंत्र साधना से अल्पा तरंगों में परिवर्तित हो जाते हैं। प्रमाद, निन्दा, कुरूतियाँ दूर हो जाती हैं। हर व्यक्ति चाहता है कि मैं शक्ति सम्पन्न बनू। जैन धर्म प्राचीनतम धर्म है।



# कैंसर जागरूकता शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिवकाशी। यहां तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया या। कार्यक्रम में मुनिश्री रश्मिकुमार और मुनिश्री प्रियांशुकुमार के पावन सान्निध्य में नमस्कार महामंत्र से शुरुआत हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉक्टर आरती दरगाह का स्वागत महिला मंडल की अध्यक्ष रानी बरड़िया ने किया। डॉ आरती ने इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रोताओं को जागरूक करते हुए बताया कि आज किस तरह दो प्रकार के कैंसर तेजी से फैलते जा रहे हैं। स्तन कैंसर, यूटरस (सर्विकल) कैंसर से हम कैसे बचाव कर सकते हैं। हमें समय समय पर जांच करवाते रहना चाहिए। हमें भोजन में जंक फूड और बचा हुआ और बहुत दिनों का रखा हुआ खाना नहीं खाना चाहिए। नियमित व्यायाम करना चाहिए। जरूरत से ज्यादा मेकअप भी नहीं करना चाहिए। डॉ. आरती ने अच्छे उदाहरण देकर सभी को सजग किया। शिवकाशी महिला मंडल की वरिष्ठ श्राविका एवं पूर्व अध्यक्ष सम्पतदेवी डागा ने कैंसर पर अपनी जीत की कहानी सुनाई। वह किस तरह इस बीमारी से बचकर बाहर आई उसका विवरण दिया। उन्होंने कहा कि दवा से ज्यादा दुआ काम आती है। हमें सकारात्मक सोच और परिवार का सहयोग होना चाहिए। प्रतिदिन प्राणायाम करना चाहिए। मुनिश्री रश्मि कुमार जी ने अध्यात्म तरीके से बताया कि हमें अपने भाव हमेशा शुद्ध रखना चाहिए्। भाव का शरीर पर बहुत असर पड़ता है।

मुनिश्री ने कहा आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी हमेशा कहा करते थे की गांठ हमारे मन में द्वेष के भाव से उत्पन्न होती है और और कैंसर की गांठ तो एक ही जन्म तक रहती है। द्वेष की गांठ जन्मोंजन्म तक हमारा पीछा नहीं छोड़ती है। इसलिए भावना हमेशा अच्छी रखनी चाहिए ,धार्मिक रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में 60 लोगों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता का साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया। अंत में मंत्री बेला कोठारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी मंत्री बेला कोठारी ने दी।

# आच्छा फिर बने युवा मित्र मंच के अध्यक्ष, खाबिया बने मंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। स्थानीय सकल युवा मित्र मंच मंजूनाथनगर की साधारण सभा मंजूनाथनगर स्थित जैन भवन में संपन्न हुई । बैठक में नई कार्यकारिणी समिति की घोषणा हुई। अंकित आच्छा को पुनः सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। विनोद भंसाली को उपाध्यक्ष, प्रितेश खाबिया को मंत्री, दिनेश छाजेड़ को सहसचिव, कल्पेश नाहर को कोषाध्यक्ष बनाया गया। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2024 में मंजूनाथनगर जैन भवन में चातुर्मास घोषित हो चुका है उसी संदर्भ में नई कमेटी का गठन हुआ है। साधारण सभा में वर्ष 2023-24 की गतिविधियों व आय-व्यय का लेखा पेश किया गया।



# भगवान वेंकटेश्वर के ब्रह्म रथोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के बेलन्दूर क्षेत्र में भगवान वेंकटेश्वर का वार्षिक जात्रा व ब्रह्म रथोत्सव का आयोजन प्राचीन काल से हो आ रहा है। इस मौके पर भगवान वेंकटेश्वरा की विशेष पूजा व पालकी का आयोजन किया जाता है। सुबह वेंकटेश्वर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद उत्सव प्रतिमा को सुसज्जित रथ में विराजमान कर ग्रामवासियों शोभायात्रा निकाली जाती है। शुक्रवार को आयोजित रथोत्सव में बेलन्दूर मारवाड़ी व्यापार संघ ने भी बढ़कर हिस्सा लिया ।

भगवान की पूजा-अर्चना के साथ दर्शन कर खुशहाली की कामना की। इस वार्षिक आयोजन में क्षेत्र के करीब इक्कीस मंदिरों में विराजित देवताओं की पालकी निकाली जाती हैजो फूलों की कलाकृति से सज्जित होती है। इस मेले में क्षेत्र सहित आसपास के हजारों श्रद्धालु शामिल हुए तथा प्रभु वेंकटेश के दर्शन किए। कार्यक्रम में अनेक भाजपा नेता व व्यापारी गण शामिल हुए।





# सूर्यनारायण मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ मंडला अभिषेक पूजा सम्पन्न

## समाज बन्धुओं के 'अपने घर का सपना होगा सच' की हुई घोषणा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जेपी नगर स्थित सूर्य मंदिर में शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा के अड़तालीस दिन बाद होने वाली विशेष मंडला अभिषेक पूजा यजमान सुनील-संतोष शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आयोजित हुई। पांच विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के अनुसार यज्ञ वेदी में आहुतियों दी। प्राण प्रतिष्ठा से सम्बंधित सभी अनुष्ठान मंडला अभिषेक पूजा के साथ संपन्न हुए। सुबह सूर्य भगवान के प्रथम अभिषेक के लाभार्थी सुनील शर्मा परिवार रहे। भगवान भास्कर की प्रतिमा का अभिषेक पश्चात सुंदर वस्त्र एवं चांदी के आभूषण पहनाकर मनमोहक श्रृंगार किया गया। इस मौके पर तुमकुर निवासी जगदीश शर्मा को भास्कर प्रगति केंद्र की ओर से सुनील शर्मा द्वारा शून्य प्रतिशत ब्याज पर व्यवसाय हेतु दो लाख के सहयोग राशि का चेक प्रदान किया। इन मानवसेवी पहल की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर सुनील शर्मा ने समाज के जरूरतमंदों परिवार जिनके पास स्वयं का घर नहीं है उन्हें नया घर बनवाकर देने की घोषणा की।

यह अनुकरणीय घोषणा से समाज में खुशी की लहर छा गयी। इस अवसर पर बाबूलाल शर्मा, महेन्द्र शर्मा, चेतन प्रकाश, संदीप, वीरेंद्र शर्मा, सत्यनारायण, घनश्याम शर्मा सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

चुनाव — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



नीलगिरि संसदीय क्षेत्र में सभी ने उत्साह के साथ भाग लिया। भाजपा उम्मीदवार एवं केन्द्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने कई मतदान केन्द्रों का दौरा किया।

# तेजस मार्क 1 ए के लिए वायु सेना के साथ अभी अनुबंध नहीं हुआ : एचएएल

नई दिल्ली। रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि 97 तेजस मार्क 1 ए लड़ाकू विमानों की खरीद के संबंध में अभी वायु सेना के साथ समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किये गये हैं। एचएएल ने मीडिया में इस समझौते के संबंध में आ रही खबरों के बाद यह स्पष्टीकरण दिया है। एचएएल ने कहा है कि अभी उसे संबंध में रक्षा मंत्रालय से केवल अनुरोध प्रस्ताव यानी आरएफपी मिला है और वायु सेना के साथ खरीद से संबंधित समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किये गये हैं।

एचएएल की ओर से कहा गया है कि रक्षा खरीद परिषद ने इन विमानों की खरीद को पिछले वर्ष नवम्बर में मंजूरी दी थी। पहले एचएएल की ओर से विमान का मूल्य निर्धारण किया जायेगा जिसके बाद सौदे के बारे में बात होगी तथा अनुबंध को अंतिम रूप दिया जायेगा। एचएएल ने कहा है कि वह अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के बाद इस संबंध में सार्वजनिक रूप से जानकारी देगा।



# 'एक शाम भगवान महावीर के नाम' कल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो द्वारा भगवान महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष में भक्ति संध्या का आयोजन 21 अप्रैल को चेतपेट स्थित चिन्मया हेरिटेज ऑडिटोरियम में होगा। कार्यक्रम की तैयारी के लिए पट्टालम स्थित आई केयर सेंटर में मीटिंग रखी गई। चेयरमैन ज्ञानचंद कोठारी ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि प्रसिद्ध गायक कलाकार राकेश माण्डोत एवं टीम द्वारा विशेष प्रस्तुति 'एक शाम भगवान महावीर के नाम' भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति करेंगे। सचिव दिलीप मेहता ने जानकारी दी कि मुख्य अतिथि व सहयोगी समाजसेवी विजयराज कटारिया व विशेष अतिथि सह सहयोगी रीखबचंद बोहरा, वडपलनी होंगे। इस अवसर पर भक्ति संध्या के प्रवेश पत्र का विमोचन किया गया।

आई केम्प डायरेक्टर पुनमचंद माण्डोत ने कहा कि इस कार्यक्रम में नेत्र चिकित्सा शिविरों में सहयोग करने वाले सभी का अभिनंदन किया जाएगा। कोषाध्यक्ष मुकेश चुत्तर ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। विजयराज कटारिया, ज्ञानचंद चोरड़िया, राजेन्द्र खारीवाल, नरेश खींचा, गौतमचंद चोरड़िया आदि ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने अपने सुझाव दिए्।

# लोस चुनाव : तमिलनाडु में 72.09 प्रतिशत मतदान

**चेन्नई/भाषा।** तमिलनाडु में शुक्रवार को एक ही चरण में सभी 39 लोकसभा सीट के लिए हुए मतदान में 72.09 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया और इस दौरान कोई बड़ी अप्रिय घटना नहीं हुई।



राज्य में 68,321 मतदान केंद्रों पर स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए करीब 1.3 लाख पुलिसकर्मियों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 190 कंपनियों को तैनात किया गया था। इसी के साथ 3,32,233 चुनाव कर्मी तैनात किए गए। पिछले लोकसभा चुनावों में तमिलनाडु में 72.44 प्रतिशत मतदान हुआ था।

अधिकारियों ने बताया कि केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की एकमात्र सीट के लिए संपन्न मतदान में 77.86 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार ए नमस्सिवायम का मुकाबला कांग्रेस के मौजूदा सांसद वी वैथिलिंगम से है।

पुडुचेरी में 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में 81.25 प्रतिशत मतदान हुआ था।

तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्यब्रत साहू ने बताया कि कुछ मामूली घटनाओं को छोड़कर राज्य में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

अधिकारियों ने संकेत दिया कि मतदान प्रतिशत में कुछ मामूली बदलाव हो सकता है, क्योंकि मतदान केंद्रों पर शाम छह बजे की समय सीमा से पहले आने वाले मतदाताओं को बाद में भी मतदान करने की अनुमति दी गई।

कुछ जगहों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में खराबी की खबरें आईं, लेकिन उन्हें ठीक कर लिया गया।

मुकाबला मोटे तौर पर त्रिकोणीय है जिसमें सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) द्रमुक, ऑल इंडिया अन्ना मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) और भाजपा अपने-अपने गठबंधनों का नेतृत्व कर रहे हैं।

राज्य में सुबह सात बजे मतदान प्रक्रिया तेजी से शुरू हुई और दोपहर तक कुछ समय के लिए धीमी गति से चली और बाद में मतदान समाप्त होने तक इसमें एक बार फिर तेजी रही।

दक्षिण भारत का हिंदी दैनिक
दक्षिण भारत राष्ट्रमत का जन-जागरण प्रयास

लोकसभा चुनाव मतदान - 26.4.2024



लोकतंत्र का आधार है मतदान

मतदान लोकतंत्र की आधार शिला है, प्राण तत्व है। मतदान हमें अधिकार देता है कि हम अपनी मर्जी के प्रतिनिधि को चुन सकें ताकि वह हमारी समस्याओं को समझते हुए हमारी आवाज बने। अगर मतदान न हो तो लोकतंत्र तानाशाही व्यवस्था में बदल जाएगा और नागरिकता की अहमियत खत्म हो जाएगी। राष्ट्र को सुदृढ़ अगर करना है तो मतदान आवश्यक है। भारत को विश्व पटल पर मत की ताकत से ही हम ताकतवर देश की अग्रणी श्रेणी में देख सकते हैं्।

पवनकुमार चौपड़ा
ई-कामर्स व्यापारी व फाइनेंसर, बेंगलूरु



सामाजिक जिम्मेदारी है मतदान

मतदान करना ज़रूरी है क्योंकि यह एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है जो हमें अपनी सरकार को चुनने का मौका देती है और हमारे देश की अच्छी नीतियों और योग्य नेताओं के तय करने में हमारी भागीदारी व जिम्मेदारी को बढ़ाती है। मतदान समाज संविधान की अहमियत बनाए रखने का माध्यम भी है। मतदान कर हम अपने अधिकारों का सम्मान करते हैं और समाज व राष्ट्र के विकास में अपना योगदान कर पाते हैं। मतदान एक सामाजिक ज़िम्मेदारी भी है।

महेन्द्रकुमार शर्मा
सेनीटरीवेयर विक्रेता, बेंगलूरु



अवसर के साथ दायित्व भी है मतदान

आज भारत के लोकतंत्र के स्वर्णिम महोत्सव में हम सबका मतदान बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा रखता है। मैं तो यह कहूंगा कि सही मायने में मतदान करना केवल एक अवसर नहीं बल्कि हमारा दायित्व भी है। जब देश के विकास में लोकतंत्र की बात आती है तो हमें इसकी अहमियत समझते हुए मतदान करना ही चाहिए। मतदान अपनी मर्जी के उम्मीदवार को करें लेकिन मतदान करना आवश्यक है। अपने अमूल्य मत को व्यर्थ न जाने दें बल्कि उसका सदुपयोग करें।

मनोजकुमार बाफना
व्यवसायी, गदग



समानता का अधिकार देता है मतदान

लोकसभा चुनाव एक ऐसा पर्व है जिसमें जाति-धर्म, अमीर-गरीब सभी समान रूप से भाग लेंगे। हम यह मानते हैं कि इस पर्व में हमारी सहभागिता से भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक परम्पराओं में सामंजस्य के साथ ही लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी। हम भारत के मतदाताओं को यह संकल्प करना आवश्यक है कि हम अपने मताधिकार का उपयोग कर, देश के सर्वांगीण विकास में सहयोग करेंगे। मतदान के प्रति लोग उदासीन रहते हैं, यह निराशाजनक है।

नरपत राणावत
राजनेता, बेंगलूरु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
लोकतंत्र का सम्मान - अवश्य करें मतदान



मतदान को जिम्मेदारी समझें

मतदान कोई शौक या मजबूरी नहीं बल्कि एक सच्चे नागरिक की जवाबदारी है, हमारा नैतिक दायित्व है। अगर हम अपने देश का और अपनी भावी पीढ़ी का विकास और उत्थान चाहते हैं, तो हमें हर हालत में मतदान करना होगा। मतदान ही एक ऐसा माध्यम है जो हमारी आवाज को सरकार तक पहुंचा सकता है। हमारा एक मत, सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण में एक अहम भूमिका का कार्य करेगा।

सुरेशकुमार श्रीश्रीमाल
व्यापारी, गदग



देशभक्तों को दें अपना समर्थन

युवा मतदाता देश का भविष्य ही नहीं, युग का निर्माता भी है। देश के विकास और उन्नति के लिए अच्छे और सच्चे प्रतिनिधित्व का वरण करने के लिए सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए्। लोकतंत्र के महायज्ञ मतदान' में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। सबसे निवेदन है कि हम अपना अमूल्य वोट उन्हें दे जो देशहित में अच्छा कार्य कर रहे हों और जो भारत को नई ऊचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हो।

मनोहर सीरवी
व्यापारी, मैसूरु



मतदान में बहुत बड़ी शक्ति है

आप अपने मत की शक्ति का उपयोग कर अपना, अपने शहर, राज्य व अपने देश का भविष्य बना सकते हैं। मतदान में शक्ति है। जिन देशों में लोकतंत्र नहीं है उनकी हालय देखें्।.अपनी सरकार चुनने का यह अधिकार हमें हमारे संविधान ने दिया है। आपका एक मत देश की दिशा और दशा बदलने की ताकत रखता है। इसलिए अपने इस अधिकार का उपयोग खुद तो करें ही, साथ ही अन्य लोगों को भी राष्ट्रहित में प्रेरित करें।

दिनेश लोढ़ा
ऑडिटर व कर सलाहकार, बेंगलूरु



भविष्य को तय करता है हमारा मत

इस बार लोकसभा का चुनाव देश के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह चुनाव केवल 5 वर्ष नहीं, भारत देश के लिए आने वाले 20 वर्षों का भविष्य तय करेगा। हमारा एक वोट हमारे आने वाले समय को निश्चित करेगा। हमें ऐसी सरकार के लिए वोट करना है जो एक कुशल नेतृत्व दे सके और विश्व के मानचित्र पर भारत को अलग पहचान दे सके। हमारी सरकार ही हमारी ताकत है और हमारी ताकत को और मजबूत करता है हमारा अपना एक वोट।

दिनेश बोहरा, अध्यक्ष
जीतो साऊथ चैप्टर, बेंगलूरु

- जनहित में जारी

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.